


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 153, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 07 :15

लखनऊ, रविवार, 29 जून 2025

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

## पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में रहे शामिल

ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...। जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था।

## दिल्ली से पकड़े गए 18 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इनमें से पांच ट्रांसजेंडर के भेष में रह रहे थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपियों में से सात के फोन में प्रतिबंधित मैसेजिंग ऐप मिले हैं जिनके जरिए वे बांग्लादेश में अपने परिजनों से बात करते थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहली कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 100 झुग्गियों और 150 गलियों को घेर कर सत्यापन अभियान चलाया। एक व्यक्ति ने पूछताछ में बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूल कर ली। बाद में जांच के दौरान उसके परिवार के सदस्यों का भी पता लगाया गया।

# शुभांशु से बोले मोदी, आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ

## बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है, तब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।

पृथ्वी की 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहे आईएसएस पर मौजूद शुक्ला से बातचीत करते हुए मोदी ने कहा कि आपकी ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। यह नए युग का शुभारंभ है। शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी यात्रा न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धि है।





ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

### चालक दल ने शोध के लिए शुरू की तैयारी

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में चार सदस्यीय चालक दल ने शोध अध्ययन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एक्सिओम स्पेस ने 27 जून को एक अपडेट में कहा कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़, उज़्नान्स्की-विस्निवेस्की और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू ने आईएसएस पर अपना पहला पूरा दिन पूरा किया, जो उड़ान के तीसरे दिन का अंत था। जब वे माइक्रोग्रैविटी में जीवन जीने के साथ तालमेल बिठाना जारी रख रहे थे, इस दौरान चालक दल मौजूद एक्सपीडिशन 73 चालक दल के साथ एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे।

## एक नजर

### सिमी के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन की मौत

**मुंबई।** प्रतिबंधित 'स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी और पुणे आईएसआईएस माड्यूल मामले में आरोपी साकिब नाचन की शनिवार को दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि साकिब (67) को कुछ दिन पहले मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हेमरेज) की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा इलाके के निवासी साकिब को चार दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एनआईए ने 2023 में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ की देशव्यापी कार्रवाई के दौरान पडघा में छापेमारी कर साकिब समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया था।

### चिकित्सक को डिजिटल अरेस्ट रख 3 करोड़ ठगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में साइबर अपराधियों ने धन शोधन घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगाकर 70 वर्षीय एक चिकित्सक को आठ दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर उससे तीन करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि मई में पीड़िता को फोन आया, कॉलर ने खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी अमित कुमार बताया। उसकी निजी जानकारी के साथ एक सिम कार्ड खरीदे जाने की बात कही। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति का फोन आया, फिर उसे आठ दिन डिजिटल अरेस्ट में रखा।

# माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

## इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?



दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

# संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

## जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज जी की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज जी की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।



विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। • एजेंसी

### सेवा और मानवता भारत का मूल भाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सेवा और मानवता इसकी मूल भावना के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब दुनिया ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने का मार्ग चुना था, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की ताकत से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा है। सेवा करने का हमारा तरीका बिना किसी शर्त के और स्वार्थ से परे है और परमार्थ से प्रेरित है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इन्हीं विचारों से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, जल जीवन मिशन हो, आयुष्मान भारत योजना हो या अन्य ऐसी कल्याणकारी योजनाएं, ये सभी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के प्रति सेवा की भावना को दर्शाती हैं।

# आंबेडकर ने सभी राज्यों के लिए की थी केवल एक संविधान की पैरोकारी

नागपुर, एजेंसी



- नागपुर में संविधान प्रस्तावना पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में बोले सीजेआई बीआर गवई
- बोले-अनु. 370 संबंधित फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने इसी दृष्टिकोण से ली प्रेरणा

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को एकजुट रखने के लिए एक ही संविधान रखे जाने की पैरोकारी की थी और कभी भी किसी राज्य के लिए अलग संविधान के विचार का समर्थन नहीं किया। यहां संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन के अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक संविधान के तहत अखंड भारत के डॉ. आंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा ली है।

प्रधान न्यायाधीश गवई तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थे, जिसने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। उन्होंने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब अनुच्छेद 370 को चुनौती दी गई थी, यह हमारे समक्ष आया था और जब सुनवाई जारी थी तो मुझे डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आए कि एक देश के लिए एक ही संविधान उपयुक्त है...अगर हम देश को एकजुट रखना चाहते हैं तो हमें केवल एक संविधान की आवश्यकता है। केंद्र ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

### संविधान के रूप में देश को दिया उपहार

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि प्रधान न्यायाधीश गवई ने संविधान प्रस्तावना पार्क का उद्घाटन किया और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा संविधान के रूप में डॉ. अंबेडकर द्वारा देश को दिया गया बहुमूल्य उपहार है। गडकरी ने कहा कि संविधान में लोकतंत्र के चार स्तंभों अर्थात कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और मीडिया के दायित्वों और अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि सीजेआई गवई भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रहे हैं।

# प्रदेश के पांच इंजीनियरिंग कॉलेजों के बदले गए नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल ने प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों का नाम महापुरुषों और देवी-देवियों के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। शनिवार को प्राविधिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। ये राजकीय इंजीनियरिंग कालेज प्रतापगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, गोंडा और मैनपुरी जिले में स्थित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए पूर्व में घोषणा की थी।

योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को एक नई दिशा देने की पहल करते हुए प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम देश के महान महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के नाम पर रखे हैं। यह केवल औपचारिक नामकरण नहीं, एक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उद्देश्य से प्रेरित बड़ा कदम है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को सामाजिक नेतृत्व की भी प्रेरणा मिलेगी।

### इन कॉलेजों को नया नाम

- भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़
- सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरजापुर
- भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती
- मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोंडा
- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी

# पैसों से खरीदी जा रहीं इंजीनियरिंग की सीट

- बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों पर ईडी का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों में 'प्रबंधन कोटा' के तहत छात्रों को दाखिला नकदी सहित धन लेकर अपारदर्शी तरीके से दिया जा रहा। संघीय जांच एजेंसी का यह बयान 25 और 26 जून को सीट घोटाला मामले में 17 स्थानों पर छापेमारी किए जाने के बाद आया है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिसरों के साथ-साथ इन संस्थानों से जुड़े लोगों पर की गई। शैक्षिक परामर्श सेवाओं में लगी कुछ संस्थाओं और कुछ निजी एजेंटों के परिसरों में भी छापेमारी की गई। ईडी का मामला इन कॉलेजों के खिलाफ केईए (कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण) द्वारा दर्ज कर्नाटक पुलिस की प्राथमिकी से उपजा है।

# अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत की फोरेंसिक जांच शुरू

मुंबई, एजेंसी



- शुक्रवार को अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया था मृत

मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित गोल्डन राइज में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात करके उनकी मौत मामले की जांच शुरू कर दी। जरीवाला को शुक्रवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत पर बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

शुरुआती रिपोर्ट में हालांकि हृदयाघात की बात कही गई है। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम जांच के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि शेफाली जरीवाला (42) की मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। जरीवाला अपने पति पराग त्यागी के साथ अंधेरी में रहती थीं। उनके पति और परिवार के सदस्यों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जरीवाला ने गीत कांटा लगा से प्रसिद्धि पाई थी। शनिवार शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**प्रकृति के रंग** गश्त के दौरान दिखने के बाद सजग हुआ दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से भी बनी उच्च स्तरीय टीम, लगाए गए कैमरे

# दुर्लभ लैपर्ड कैट का बढ़ा कुनबा, दुधवा में फिर दिखने लगी

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

- दिखने में तेंदुए के शावक जैसी इसलिए मिला यह नाम

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में इन दिनों दुर्लभ लैपर्ड कैट देखी जा रही है। इससे माना जा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ी है। अन्यथा, छिपकर रहने वाली लैपर्ड कैट आमतौर पर सामने नहीं आती। इससे दुधवा प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

दूसरी ओर इसके संरक्षण के लिए टीम गठित की गई है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों के भ्रमण के लिए 15 नवंबर से 15 जून तक सत्र चलाया जाता है। इसके बाद मानसून आने के कारण 16 जून से 14 नवंबर तक यह बंद रहता है। इस दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन कर्मियों की गश्त जारी रहती है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन ने बताया कि सैलानियों के लिए सत्र बंद होने के बाद वन कर्मियों को गश्त के दौरान दक्षिण सोनारीपुर और मूर्तिहा रेंज में कई बार दुर्लभ लैपर्ड कैट दिखाई दी। लैपर्ड कैट यानी स्माल कैट काफी समय बाद दिखाई देने से इसे अच्छा संयोग माना जा रहा है। इधर, बिल्ली परिवार की यह प्रजाति लगातार दिख रही है। वन कर्मियों की सूचना के बाद इस क्षेत्र में कैमरे लगाए गए हैं। इनमें भी लैपर्ड कैट की तस्वीर कैद हुई है। दुधवा प्रशासन उनकी नियमित मॉनीटरिंग कर रहा है।



दुधवा में लगे कैमरे में कैद हुई लैपर्ड कैट।

### दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली

वन्यजीव विशेषज्ञ जितेंद्र शुक्ला बताते हैं कि लैपर्ड कैट, जिसे वैज्ञानिक रूप से प्रियोनेलुरस बंगालेंसिस के रूप में जाना जाता है, यह दक्षिण और पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली एक छोटी जंगली बिल्ली है। इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा गंभीर खतरे में नहीं माना गया है।

### तेंदुए के शावक जैसी होती है लैपर्ड कैट

सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि दुधवा के जंगलों में लेपर्ड कैट काफी पहले से मौजूद है। हां, इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल है। एक लेपर्ड कैट लगभग तेंदुए के शावक के समान होती है। इसकी पहचान चेहरे से की जाती है। चूंकि यह छिपकर रहना पसंद करती है, इसलिए यह कम दिखाई देती है। इसे लेसर कैट की श्रेणी में रखा जाता है। इसके अंतर्गत फिशिंग कैट, लेपर्ड कैट और जंगल कैट आते हैं। लेपर्ड कैट आमतौर पर जंगल और घास के मैदानों में पाई जाती है, जबकि फिशिंग कैट जल स्रोतों के निकट ही दिखती है। जंगल कैट साखू के जंगल में अक्सर दिख जाती है। बिग कैट के अंतर्गत बाघ, शेर, तेंदुआ आदि आते हैं।

> दुधवा टाइगर रिजर्व के घने जंगल, बड़े-बड़े घास के मैदान और वातावरण लैपर्ड कैट्स के संवर्धन के लिए अनुकूल है। वहीं, लैपर्ड कैट के संरक्षण के लिए केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में ग्लोबल टाइगर फोरम, विश्व प्रकृति निधि को भी शामिल किया गया है। -**डॉ. एच राजामोहन**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।


TENDER PALM
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
WE LOVE TO CARE
हार्ट सर्जरी
के लिए सबसे बेहतरीन
हॉस्पिटल
CABG (बाईपास सर्जरी)
वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी
जन्मजात हृदय रोगों के लिए सर्जरी
जटिल हृदय रोग सर्जरी
अनुभवी हार्ट सर्जन
उच्च सफलता दर
कम खर्च में बेहतर इलाज
+91 9076972161
TPA, CGHS, ECHS, Corporate एवं
मुख्यमंत्री राहत कोष द्वारा इलाज की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
24x7 Emergency, Ambulance & Health Services www.tenderpalm.com
Sector-7, Amar Shaheed Path, Gomti Nagar Extension, Near - Ekana Stadium Lucknow- 226010
Email: www.tenderpalm.com | care@tenderpalm.com


ADMISSION OPEN
KRISHNA PUBLIC INTER COLLEGE
NURSERY TO XII ( SCIENCE & COMMERCE )
माननीय शिक्षामंत्री
गुलाबो देवी द्वारा
लखनऊ में 06 रैंक
पाने वाली दीपांजलि
कुमारी को सम्मानित
किया गया
HIGH SCHOOL
LUCKNOW TOPPER'S
INTERMEDIATE
6th RANK IN LUCKNOW
ADITYA KUMAR
95.67%
8th RANK IN LUCKNOW
ABHAY KUMAR
95.33%
6th RANK IN LUCKNOW
DIPANJALI KUMARI
95.8%
ICSE board (New Delhi)
Royal City, Bijnour Road, Lucknow
CONTACT MANAGER : 7991546666
CONTACT OFFICE : 9119905559
HEAD OFFICE: Ratan Khand, Kila Chauraha,Lko
BRANCH OFFICE: New Behsa, Mansarovar 'O',Lko
macadvertiser.com


SR GROUP OF INSTITUTIONS
B.TECH | M.TECH | MBA | B.VOC
AKTU MEDALS
12 GOLD
6 SILVER
6 BRONZE
SR INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
SRM BUSINESS SCHOOL
1st Rank IN UP
9793000005,6,7
WIFI CAMPUS
www.srgi.in
NH-30, SITAPUR ROAD, BAKSHI KA TALAB, LUCKNOW


KNOWLEDGE GIVES YOU WINGS
MSD Educational Group
Maa Sharda Devi Mahavidyalaya
Maa Sharda Devi Law College
PREMIUM EDUCATIONAL GROUP OF BARABANKI
B.A. B.SC. DELED, LLB 3 YEARS
2025-2026
ADMISSIONS OPEN
B. A हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, भूगोल (प्रयोगात्मक), गृह विज्ञान (प्रयोगात्मक), चित्रकला (प्रयोगात्मक)
B.SC भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान
B.Sc. 1ST SEMESTER TOPPER 2025
RIYA VERMA 83.75%
KHUSHI VERMA 81.75%
AMAN KUMAR 80.87%
MANISHA GUPTA 79.37%
ANJALI MISHRA 79.37%
SUHANI MISHRA 78.87%
MUSKAN 77.62%
ARUSHI OJHA 76.87%
RUPALI VISHWAKARMA 76.62%
RIYA SHARMA 75.87%
B.A 1ST SEMESTER TOPPER 2025
HURRY UP! LIMITED SEAT
NIDHI JAISWAL 82%
ROSHNI KUMARI 81.70%
SARIKA VERMA 81%
L.L.B 3 Years
D.El.Ed (B.T.C) College Code 620028
B.Sc Physics | Chemistry | Mathematics | Zoology | Botany
B.A Hindi | Sociology | Education | Political Science | Ancient History | Urdu | Home Science
Fattapur Kalan, Near Niyamatganj Barabanki, U.P
WWW.MSD.AC.IN | Helpline Number: 844 844 99 47

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसंद
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

सूर्या पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी

Surendra Kumar Shukla
Founder Manager, Advocate

लखनऊ। राजधानी स्थित सूर्या पब्लिक स्कूल की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं,जिससे बच्चों के भविष्य को और बेहतर बनाया जा सके। यही कारण है कि यहां की छात्र–छात्राएं निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इस ग्रुप की शुरुआत साल 2007 में सुरेंद्र कुमार शुक्ला ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल से की थी। सूर्या पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक वातावरण बहुत ही सराहनीय है। इसके पीछे की वजह यहां पर विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का होना बताया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं की बात करें तो अनुभवी टीचिंग स्टाफ, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, स्मार्ट क्लासरूम के साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लैस एक बेहतरीन पुस्तकालय आकर्षण का केंद्र है। शिक्षा के साथ यहां पर बच्चों के स्वास्थ्य का खास ख्याल रखा जाता है, यही वजह है कि यहां पर खेलकूद के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं। इतना ही नहीं समय–समय पर छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से किया जाता है। वहीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में सूर्या पब्लिक स्कूल की छात्र–छात्राओं का रिजल्ट 95% के ऊपर रहा है। विद्यालय प्रशासन की तरफ से कई छात्र–छात्राओं को उच्च अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया है। सूर्या पब्लिक स्कूल प्रबंधन की तरफ से गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए भी व्यवस्था की गई है। जिसमें उनको फीस में सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा प्रबंधन की ओर से छात्र – छात्राओं को विभिन्न व्यवसायिक क्रियाकलापों द्वारा रोजगार परक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। यहां पर छात्र–छात्राओं के लिए यातायात की भी बेहतरीन व्यवस्था है। यही वजह है कि यहां पर दूर दराज से बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचते हैं

SURYA PUBLIC SCHOOL
NEAR HCL CITY, SULTANPUR ROAD, LUCKNOW - 206002

ADMISSION OPEN HURRY UP
CBSE AFFILIATION
Lucknow 2131388
Barabanki 2133093
CBSE BOARD 10 + 2
Surendra Kumar Shukla
Founder Manager, Advocate

PLAY GROUP TO XII
We are more than glad and Excited to announce that the Admission for all the classes are now open at SPS Lucknow & Barabanki.
Unlock a world of knowledge, growth and endless possibilities for your child.
Apply today for a journey of academic excellence and holistic development.

WHAT'S NEW FOR NEXT SESSION
- Minimum Transport Fee
- Atal Tinkering Lab (AI & Robotics)
- Day Boarding
- CCTV Campus
- Smart Classes
- Swimming Pool
- WiFi Campus
- Outdoor & Indoor Sports
- Connect with SPS

MAIN BRANCH
School Code No.: 70972
Sultanpur Road, Near HCL - IT City, Lucknow-226002
Contact: +91 7052607444, 7052607333
E-mail: suryapublicschoollko@gmail.com
Website: suryapublicschool.org

BHILWAL BRANCH
School Code No.: 70255
Bhilwal, Lucknow Sultanpur Road, Barabanki-227131
Contact: +91 7052607444, 7052607333
E-mail: suryapublicschoolbhilwal@gmail.com
Website: suryapublicschool.org

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Explore the Power of Science
From Soil To Suspect
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
B.Sc Agriculture
B.Sc Forensic Science
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** आमने सामने दो बाइकों की ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रानीगंज थाना क्षेत्र के पचरास गांव निवासी 40 वर्षीय रमेश सरोज पुत्र रामशरण सरोज चिखुरी बाइक से शनिवार को जौनपुर जनपद के लखापुर गांव स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया में पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गम्भीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन रोते बिलखते पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जौनपुर भेज दिया।

# अंतरिक्ष की यात्रा हर भारतीय के लिए खुशी का पल : प्रो.अमित

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उड़ान ने देश को गौरवान्वित किया है। पीबीपीजी कॉलेज सिटी में इस उपलब्धि पर जश्न मना।

प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। हम 41 साल के बाद अंतरिक्ष की यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा स्पेसक्राफ्ट के अंदर से भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। कहा कि यह युवाओं के लिए न केवल खुशी बल्कि प्रेरणादायक पल है।

# पीसीएस मुख्य परीक्षा आज से

## 34 केंद्रों पर 14857 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की पीसीएस - 2024 मुख्य परीक्षा 29 जून रविवार से शुरू होने जा रही है। यह परीक्षा दो जुलाई तक चलेगी।

प्रयागराज जिला और लखनऊ जिले में 34 केंद्रों पर 29 जून से दो जुलाई तक परीक्षा होगी। प्रयागराज जिले के के 15 केंद्रों पर 6102 और लखनऊ के 19 केंद्रों पर 8755 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में सुबह नौ बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली में 2:30 से 5:30 बजे तक होगी। प्रयागराज जिले के 15 केंद्रों पर 255 बाह्य परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक केंद्र पर दूसरे विद्यालय के प्रधानाचार्य की ड्यूटी सह केंद्र व्यवस्थापक के रूप में लगी है। पीसीएस-2024 के रिक्त 947 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा में 15066 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था। विभिन्न कारणों से 259 अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए थे जबकि अन्य ने आवेदन ही नहीं किया था।

## मुविवि की बीएड, बीएड स्पेशल की प्रवेश परीक्षा आज

**प्रयागराज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र 2025– 26 की बीएड एवं बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा सोमवार 30 जून 2025 को प्रदेश के 10 जिलों के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रवेश परीक्षा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा में 4554 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

# एसडीएम ने समस्याओं का कराया निस्तारण

▸▸ डीएम के यहां शिकायत होने पर मामले पर हुई कार्रवाई

**प्रयागराज, अमृत विचार।** ग्राम महरौड़ा सोरांव निवासी सुभाष चंद्र के शिकायत पर डीएम ने तीन दिन के भीतर रास्ते के विवाद का समाधान कराए जाने का निर्देश एसडीएम सोरांव हीरालाल सैनी को दिया था। इस पर सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी, नायब तहसीलदार नयंशी, बीडीओ सोरांव एवं पुलिस बल की उपस्थिति में विवादित रास्ते का निस्तारण कराकर उसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया। सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी ने बताया कि तहसील सोरांव के एक दूसरे प्रकरण में डीएम ने निर्देश पर एडीएम आपूर्ति ने श्रीमती शोभा जायसवाल गद्दोपुर के प्लाट के विवाद की दोनों पक्षों की सुनवाई थाना फाफामऊ पर की गई।

Accredited by NAAC B+
TRC LAW COLLEGE
(An Autonomous College)
Affiliated to Dr. Ram Manohar Lohia Awadh University, Ayodhya
(Approved by Bar Council of India, New Delhi)
Admission open 2025-2026
PROVIDING SUPERIOR LAWYERS FOR OUR NATION
SINCE 2007
To impart quality education to nurture the outstanding intellectual, morally conscious, and socially responsible lawyers who have excellent professionalism.
PROGRAMMES AVAILABLE SESSION 2025-26
LL.B. - 3 year
B.A. LL.B. - 5 year
LL.M. - 1 year
LL.M. - 2 year
Ph.D. (Law)
DIPLOMA PROGRAMMES
Consumer Law
Human Rights
Cyber Law
IPR
8756271333 8756317444
Website -www.trclc.org
E-mail - mdtrclc@gmail.com
www.trclc.org | trccampus | trccollege
Vasudev Nagar, Satrikh, Barabanki - 225122 U.P.

INTEGRAL UNIVERSITY
LUCKNOW - INDIA
A+ ACCREDITED BY NAAC
NABH ACCREDITED 820 BEDDED HOSPITAL
NABL ACCREDITED LABS
NBA & ICAR ACCREDITED PROGRAMS
QS I-GAUGE DIAMOND
27 YEARS OF EXCELLENCE

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION IN UG, PG & Ph.D. PROGRAMS IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

FACULTY OF ENGINEERING & INFORMATION TECHNOLOGY
B. Tech. & M. Tech. in :-
- Electronics & Communication Engineering
- Computer Science & Engg.
- Biochemical Engg.
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Biotechnology
- Food Technology
- Biomedical Engineering
- Computer Application
- Bioinformatics

FACULTY OF SCIENCE
B.Sc. & M.Sc. in :-
- Biotechnology
- Life Sciences
- Biochemistry
- Mathematics & Statistics
- Chemistry
- Industrial Chemistry
- Physics
- Microbiology
- Environmental Science
- Zoology with Chemistry / Botany
- Botany with Chemistry/Zoology

FACULTY OF AGRICULTURAL SCIENCE & TECHNOLOGY
B.Sc., B.Tech. & M.Sc. in :-
- Agriculture
- Agricultural Engineering
- Agribusiness Mgmt.
- Genetics & Plant Breeding
- Agronomy
- Soil Science
- Fruit Science
- Vegetable Science

FACULTY OF ARCHITECTURE, PLANNING & DESIGN
B. Arch. & M. Arch. in :-
- Architecture
B. Design in :-
- Fashion Design
- Product & Interior Design

FACULTY OF PHARMACY
Bachelor & Master in :-
- Pharmacy
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacy Practice
- Pharm. D.
- Pharm. D. Post Baccalaureate

FACULTY OF EDUCATION
Bachelor & Master in :-
- Education
- D.El.Ed

FACULTY OF LAW
Bachelor & Master in :-
- Law
- B.A.-LLB
- BBA-LLB

INTEGRAL BUSINESS SCHOOL
Bachelor & Master in :-
- Business Administration
- MBA-Heath Care Mgmt.
- Financial Services
- Supply Chain Mgmt.

FACULTY OF COMMERCE
Bachelor & Master in :-
- Commerce
- Retail Operations Mgmt
- Business Analytics
- Hotel Management

FACULTY OF MEDICINE & HEALTH SCIENCES
Bachelor & Master in :-
- Physiotherapy
- Optometry
- Medical Laboratory Science
- Medical Radiological Imaging Science
B.Sc. in :-
- Anesthesiology & Intensive Care Technology
- Blood Banking Tech.
- Dialysis Technology
- Nutrition & Dietetics
- O. T. Technology
- Respiratory Care Tech.
- Cardiovascular Tech.
- Occupational Therapy
B.Sc. & M.Sc. in :-
- Forensic Science
- Medical Anatomy
- Medical Physiology
- Medical Biochemistry
- Medical Microbiology
M.Sc. in :-
- Medical Pharmacology
- Clinical Psychology
Master in :-
- Hospital Administration
- Public Health

FACULTY OF NURSING
B.Sc. & M.Sc. in :-
- Nursing (Basic)
- Nursing (Post Basic)
- Nursing
Diploma in :-
- General Nursing & Midwifery
- Auxiliary Nursing & Midwifery

FACULTY OF HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A. & M.A. in :-
- Economics
- History
- Political Science
- Psychology
- Sociology
- Liberal Arts
- International Relations
- Public Administration
- English
- Clinical Psychology
Bachelor & P.G. Diploma in :-
- Journalism & Mass Communication

Dual Degree Program with Szechenyi Istvan University, Hungary
Master in International Economics & Business (M.Sc.)
& Master of Business Administration (MBA)
ONE SEMESTER IN HUNGARY

Dual Degree Program with
Tashkent Institute of Chemical Technology, Uzbekistan
Master of Science in Biotechnology
ONE SEMESTER IN UZBEKISTAN

APPLY FOR IUET - 2025
Integral University Entrance Test
+91-93351 77775
website : www.iul.ac.in | e-mail : admission@iul.ac.in
INTEGRAL BUSINESS SCHOOL
INTEGRAL StartUps FOUNDATION
INTEGRAL HOSPITAL
Committed to Better Health

# भामाशाह ने राष्ट्र के विकास को किया था सर्वस्व न्योछावर

## जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का किया गया आयोजन, कार्यक्रम में व्यापारियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार




बाराबंकी केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं संरक्षक का सम्मानित करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। डीआरडीए में राज्यकर विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत विशिष्ट अतिथि थीं।

समारोह में राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह ने राष्ट्र के विकास के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। यह हम सभी के लिये अत्यधिक गौरव एवं प्रेरणा की बात है। हम सभी को उनके त्याग एवं बलिदान के साथ उनकी विचारधारा का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज का दिन व्यापारियों के लिए है। सरकार की नीतियों एवं उद्देश्यों की पूर्ति में व्यापारियों का विशेष योगदान रहा है। जिसके लिये जनपद के सभी व्यापारी धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारित किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए सर्वाधिक जीएसटी जमा करने वाले व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें सूरतगंज के उमाशंकर एंड संस और टिकैतनगर के अरिहंत इंटरप्राइजेज शामिल रहे। राजस्व में विशेष योगदान के लिए छह व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इनमें सरस्वती स्वीट्स, प्रिज्म कंस्ट्रक्शन, राजीव एंड कंपनी, कृष्णा ब्रिक फील्ड, गुडलक इंजीनियर्स और पथिक ब्रिक फील्ड्स शामिल रहे। व्यापार मंडल के आठ प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें प्रदीप जैन, रोहिताश्व दीक्षित, जयदीप सिंह, जितेंद्र सिंह वर्मा, संजय शुक्ला, रंजीत श्रीवास्तव, अमन अग्रवाल, विनोद गाबा और अनुपम अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत त्रिलोकपुर के जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक के स्वामी की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके पुत्र को 10 लाख रुपये का बीमा चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यापरी सगंठन बाराबंकी केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह वर्मा एवं संरक्षक संजय शुक्ता को संयुक्त रूप से प्रतीक चिह्न प्रदान कर कर राज्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अन्ना सुदन, संयुक्त आयुक्त कर (कार्यपालक) राज्य कर विवेचना मिश्रा, उपायुक्त कार्यालयाध्यक्ष प्रेरणा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### चिटफंड कम्पनी के पूर्व मैनेजर ने दी जान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सफदरगंज क्षेत्र के भवानीपुर मजरे केवलापुर में शनिवार को गांव के बाहर आम के बाग में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता मिला। शव की पहचान स्वामी दयाल मिश्रा (50) के रूप में हुई, जो पहले गोंडा स्थित एलयूसीसी चिटफंड कंपनी में मैनेजर थे। ग्रामीणों ने बताया कि स्वामी दयाल पिछले कुछ समय से तनाव में चल रहे थे।

### करंट से युवक की मौत

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** रसौली के तलहा गांव में शनिवार सुबह कूलर का प्लग लगाते समय करंट लगने से संदीप नामक युवक की मौत हो गई। परिजन बेहोशी की हालत में उसे बाराबंकी ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोठी क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोर दो दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों के अनुसार, शिवा 26 जून की शाम घर से निकला था, जिसके बाद से वह लौटा नहीं। पिता दृगपाल ने थाना कोठी में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### बाजार गयी युवती लापता अपहरण की आशंका

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र में बाजार गई एक 21 वर्षीया युवती लापता हो गई। युवती की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर अपहरण की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज करायी है।

### घर से मेंथा ऑयल, जेवर व नकदी समेट ले गए चोर

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** हुसैनपुर मजरे उचिटा में नन्दकिशोर वर्मा के घर में 25 जून की रात घुसे चोर 35 किलो मेंथा ऑयल, चांदी के पायजेब, करधनी और लगभग 4 हजार रुपये नकद समेट ले गए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दंपति पर जानलेवा हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी क्षेत्र में पुरानी रंजिश में विपक्षियों ने दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नई बस्ती बिसई की रहने वाली नीलम सिंह पत्नी राणा प्रताप सिंह के अनुसार 26 जून की शाम रविन्द्र, रोशन, ज्ञानेन्द्र और लाखन ने गाली-गलौज करते हुए बाका, कुल्हाड़ी, बेलचा और डंडों से हमला कर दिया।

## निरीक्षण में नदारद मिलीं डॉक्टर और नर्स

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या मंडल के अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. सुधीर कुमार वर्मा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सना सीमा, पूजा गुप्ता और स्टाफ नर्स प्रियंका अनुपस्थित मिलीं। एडी हेल्थ ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अस्पताल के निरीक्षण में एनबीएसयू वार्ड, लेबर रूम, ईटीसी और जनरल वार्ड की जांच की गई।

# खाद-बीज व्यापारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




विरोध-प्रदर्शन करते खाद-बीज व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाल ही में कृषि विभाग द्वारा व्यापारियों की दुकानों पर की जा रही छापेमारी, लाइसेंस निलंबन और ईसीए एक्ट की धाराओं में मुकदमे की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया और अपनी दुकानें बंद रखीं।

व्यापारियों का आरोप है कि कंपनियां यूरिया के साथ 40-50 फीसदी तक महंगे उत्पाद जबरन टैग कर रही हैं। मांग की कि सरकार होलसेलर और रिटेलर का मुनाफा तय करे। व्यापारी संगठनों ने विरोध जताया कि जिन उत्पादों की बिक्री की अनुमति लखनऊ स्थित निदेशालय द्वारा दी गई है, उन्हीं उत्पादों को लेकर फील्ड स्तर पर कार्यवाही हो रही है। यदि गुणवत्ता में कमी है, तो इसका जिम्मेदार निर्माता है, न कि व्यापारी जो माल खरीदकर बेच रहा है। इस दौरान एग्रो इनपुट एग्रो डीलर्स एसोसिएशन बाराबंकी के अध्यछ अनुपम अग्रवाल, महामंत्री दिग्विजय सिंह, कोषाध्यक्ष अवधेश वैश्य, संगठन मंत्री नितेश वैश्य, उपाध्यक्ष प्रवेश वर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## दो मोहल्लों में 13 घंटे गुल रही बिजली

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम ब्लाक तिराहे पर लगे ट्रांसफार्मर की लीड फुंक गई। इससे ब्रम्हणी टोला और जोशीटोला की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब 4000 की आबादी वाले इन दोनों मोहल्लों में 13 घंटे तक बिजली नहीं रही। शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 8 बजे तक लोगों को बिजली के बिना रहना पड़ा। मोहल्ले के निवासी गणेश शंकर मिश्र, रविंद्र वर्मा, दुर्गेश कुमार, राजेश जोशी, अंकित और सर्वेश कुमार ने बताया कि पूरी रात बिजली नहीं आयी। शनिवार सुबह फॉल्ट की मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की गयी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गौरा ठाकुरान के मालिकराम (28) और विनय कुमार (26) बाजार से लौट रहे थे। दोपहर करीब दो बजे टिकैतनगर के अजईमऊ मोड़ पर उनकी बाइक सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। बाइक चला रहे मालिक राम की मौके पर मौत हो गई। विनय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हैदरगढ़ के पूरे मितई वार्ड निवासी बैटरी व्यवसायी सुनील सोनी के पुत्र राहुल उर्फ रामजी (22) की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। घटना रात करीब 10 बजे की है। उधर, दरियाबाद थाना क्षेत्र में क्रासिंग के पास स्कूटी सवार छात्रा दीपांशी वर्मा को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गयी। छात्रा रामसनेहीघाट की रहने वाली है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बारिश से पूर्व काम पूरा करने का निर्देश

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड देवा की ग्राम पंचायत मलूकपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत मोगलानी तालाब का काम चल रहा है। शनिवार को खंड विकास अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। इस परियोजना की लागत 4.13 लाख रुपये है। निरीक्षण के दौरान मौके पर 30 श्रमिक काम करते मिले। बीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर का मिलान किया। सभी श्रमिकों की उपस्थिति सही पाई गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि बारिश से पहले काम पूरा होना चाहिए, जिससे वर्षा जल का संचयन किया जा सके।




विद्यालय को इनवर्टर भेंट करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### रोटरी क्लब ने विद्यालय को भेंट किया इनवर्टर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब के तत्वावधान में शनिवार को बंकी के प्राथमिक विद्यालय बनवा में अध्यनरत छात्रों की सुविधा के लिए इन्वर्टर व बैटरा भेंट किया गया। क्लब के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि रोटरी क्लब का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। विद्यालय परिवार ने आभार जताया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के जिलाध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, सचिव डा. विमल बैसवार, राजेश अरोरा बब्बू, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अजिता श्रीवास्तव, रिचा सिंह, राखी वर्मा और पिंकी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## महादेवा में श्रावणी मेले की तैयारियों में आयी तेजी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महादेवा मंदिर में श्रावणी मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेला 11 जुलाई से शुरू होगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने शनिवार से मंदिर में रंग-रोगन और साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया है। मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला सभागार में बैठक बुलाई। इस बैठक में क्षेत्र के जागरूक नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहा है।

# जुलूस में नई परंपरा न करें शुरू

पीस कमेटी की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** श्रावण मास और मोहर्रम को लेकर कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने की। बैठक में एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी समेत सभी उपजिलाधिकारी, नगर निकाय अधिकारी और धर्मगुरु मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावण मास के दौरान शिवालयों और घाटों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसमें साफ-सफाई, बिजली, पानी, शौचालय और सीसीटीवी कैमरे शामिल हैं। सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र के शिवालयों का निरीक्षण करने को कहा गया है। मोहर्रम के लिए जुलूस मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मार्गों की सफाई और रोशनी का प्रबंध किया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जुलूस में कोई नई परंपरा या उकसावे वाले नारे नहीं लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए भीड़ वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। जुलूस मार्ग पर स्थित घरों की छतों पर भीड़ एकत्र न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह की भड़काऊ या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट साझा नहीं की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बाराबंकी की पहचान इसकी गंगा-जमुनी तहजीब है। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार की नई परंपरा या नियम विरुद्ध गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे जनपद में शांति, सौहार्द और परंपरागत भाईचारे की मिसाल को बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

## पारदर्शिता के साथ करें निर्वाचन संबंधी कार्य

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** त निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को तहसील सभागार में सुपरवाइजरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सुपरवाइजरों को निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने वोटर कार्ड में बीएलओ द्वारा अपलोड की जा रही फोटो की गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया। साथ ही फॉर्म 6, 7 और 8 को ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई। ट्रेनर महेन्द्र सिंह ने बीएलओ एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनाथालय में रहने वाले लोगों के वोटर कार्ड में पिता के नाम की जगह संस्था का नाम जोड़ा जाएगा।

आयोजन — हरख ब्लॉक में आयोजित की गयी क्षेत्र पंचायत की बैठक

# ग्राम प्रधानों और सदस्यों ने उठायीं समस्याएं

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी



जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करतीं बीडीओ प्रीति वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हरख ब्लॉक स्थित पटेल सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने कई मुद्दे उठाए। जिला पंचायत सदस्य रामबरन वर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का मुद्दा उठाया।

उन्होंने बताया कि 25 हजार किसानों को किस्त मिल रही है। लेकिन 5 हजार किसानों की किस्त केवाईसी और भूमि सत्यापन के कारण रुकी है। एडीओ कृषि सुरेंद्र कुमार इस विषय पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। ग्राम प्रधानों ने स्कूलों के विलय से उत्पन्न समस्या पर चिंता जताई। स्कूलों के मर्ज होने से बच्चों को 1.5 से 2 किलोमीटर दूर पढ़ने जाना पड़ रहा है। प्रधानों ने स्कूलों में सीसीटीवी लगवाने की मांग की। पंडरी के बीडीसी प्रतिनिधि इजहार ने राष्ट्रीय पर्वों पर बीडीसी सदस्यों को स्कूलों में आमंत्रित न करने का विषय उठाया। सड़कों की समस्या पर जेई आशीष त्रिवेदी ने तीन माह में समाधान का आश्वासन दिया। बिजली व्यवस्था को लेकर भी कई शिकायतें आईं। ग्राम बोजा में 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर की समस्या और बहलोलपुर गौशाला में बिजली कनेक्शन की मांग प्रमुख रही। जिला पंचायत अध्यक्ष ने गौशाला में जल्द बिजली कनेक्शन का आश्वासन दिया। इस मौक पर बीडीओ प्रीति वर्मा, ब्लाक प्रमुख रवि रावत, जिपं सदस्य रामबरन वर्मा, एडीओ पंचायत ब्रजेश कुमार, मीना श्रीवास्तव, पंचायत सचिव केके सिंह, नवीन सिंह, अक्षिता, संस्कृता भटनागर, शैलजा तिवारी, आकाश पटेल, नवीन मित्तल ग्राम प्रधान चट्टान सिंह, मो. अकील, मोतीलाल, राम प्रकट यादव, कुलदीप शर्मा, राजेन्द्र वर्मा आदि ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

# चंपारण हाउस में मिलेगा बिहारी व्यंजनों का स्वाद



शुभारंभ करते पूर्व जिलाध्यक्ष।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पालिका मार्केट में एक नए वातानुकूलित रेस्टोरेंट चंपारण हाउस का शुभारंभ हुआ। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर और सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू) ने बताया कि यहां बिहार की प्रसिद्ध हांडी मटन और हांडी चिकन का स्वाद मिलेगा। साथ ही हांडी पनीर और तंदूरी रोटियां भी उपलब्ध होंगी। ग्राहकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन बुकिंग और पैकिंग सेवा भी दी जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, फिल्म अभिनेता शरदराज सिंह, आकाश सिंह, नयन टंडन, स्पंदन सिंह, रोहिताश्व दीक्षित, फिल्म निर्माता एसके प्रसाद और कुलजीत श्रीवास्तव शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### नकली जैविक खाद बनाने के आरोपी पिता-पुत्र पर केस दर्ज



कार्रवाई करती कृषि विभाग की टीम।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर तहसील के गौरा सैलक गांव में नकली जैविक खाद बनाने के मामले में कंपनी के डायरेक्टर व उनके पुत्र पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीएम शशांक त्रिपाठी के आदेश पर उर्वरक निरीक्षक प्रीतम सिंह ने आरोपी पिता-पुत्र पर मोहम्मदपुर खाला थाना में मुकदमा दर्ज कराया। जिला कृषि अधिकारी राजितराम के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गौरा सैलक निवासी राजेश वर्मा के घर से जांच में कई सामान बरामद हुए। उसके पास वैध उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र भी नहीं मिला। उसका बेटा राज वर्मा कंपनी के बायोस्ट्रूमिलन्ट उर्वरक साडावीर ब्रांड और किसान का साथी एग्रो प्रोडक्ट के बिना पते के रैपर में खाद पैक कर बेच रहा था। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि उर्वरकों की बिक्री पीओएस मशीन से की जा रही है। विक्रेताओं को 30 जून तक एल-0 की मशीनों को एल-1 से बदलना होगा। ऐसा न करने पर 1 जुलाई से उन्हें उर्वरक की आपूर्ति नहीं की जाएगी। नई पीओएस मशीन प्राप्त करने के लिए विक्रेता 30 जून को किसान कल्याण केंद्र, सदर, गोंडा बहराइच तिराहा पर संपर्क कर सकते हैं।

### अखिलेश ने सीएम रहते मुस्लिमों को नहीं दिया आरक्षण



वसीम राईन।

**बाराबंकी अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने 2012-17 के मुख्यमंत्री कार्यकाल में मुस्लिम समुदाय से किए वादे पूरे नहीं किए। वसीम राईन ने कहा कि अखिलेश ने चुनावी घोषणा पत्र में मुस्लिमों को 18 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया था। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू करने और पुलिस व पीएसी में मुस्लिमों की भागीदारी बढ़ाने का भी वादा किया था। लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने अपने संगठन में पसमांदा मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया।

### सुनील सिंह व जीत कुंवर सिंह दोनों की जीत का दावा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर हैदरगढ़ की प्रबंध समिति की कार्यकारिणी दो गुटों में बंटी नजर आई। एक गुट के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सुनील सिंह को प्रबंधक पद पर निर्विरोध चुना गया। इस चुनाव की देखरेख राजकीय इंटर कालेज बेलहरा के प्रधानाचार्य देवी प्रसाद तिवारी ने की। चुनाव अधिकारी गंगा बक्स सिंह थे। दूसरी ओर, कार्यकारिणी के दूसरे गुट के अध्यक्ष बलभद्र प्रसाद दुबे ने जीत कुंवर सिंह को प्रबंधक चुने जाने का दावा किया है। उनके अनुसार भी यह चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। वहीं चुनाव अधिकारी गंगाबक्स सिंह ने स्पष्ट किया कि चिट फंड सोसायटी अयोध्या द्वारा जारी 53 सदस्यों की सूची के आधार पर विद्यालय परिसर में चुनाव कराया गया। उन्होंने सुनील सिंह को ही वास्तविक प्रबंधक बताया है। सुनील सिंह के निर्वाचन पर पूर्व मंत्री अरविंद कुमार गोप, त्रिवेदीगंज पूर्व प्रमुख सुनील सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### हैदरगढ़ में विकास कार्यों का लोकार्पण

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हैदरगढ़ में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह ने इन कार्यों को जनता को समर्पित किया। रोहना मीरापुर ग्राम पंचायत में कई निर्माण कार्य पूरे किए गए। डामर रोड से पूरे पराग तिवारी के पुरवा तक 10 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग का काम हुआ। डामर रोड से राम सुरेश के दरवाजे तक 8 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग बनाई गई। पंचायत भवन से काली माता जी के स्थान तक 7 .75 लाख की लागत से खड़ंजा का निर्माण किया गया। अहीरन सरैया में प्रदीप के खेत से हनुमान मंदिर तक 3 लाख की लागत से खड़ंजा बना। गेरावां माइनर से पूरे देवरनिया तक 7 .5 लाख की लागत से खड़ंजा निर्माण कार्य पूरा हुआ। जिला पंचायत निधि से शुकुल बाजार रोहना मार्ग से ठकुरन सरैया तक 36 लाख की लागत से लेपन कार्य किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह मोनू, कृपा शंकर तिवारी, महामंत्री रंजीत सिंह महंत, रुपचंद चौरसिया, प्रधान रोहना मीरापुर राम बाबू तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### निर्धारित ध्वनि सीमा में ही डीजे बजाएं संचालक : एएसपी



बैठक में डीजे संचाालकों को दिशा-निर्देश देते एएसपी नॉर्थ। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में डीजे संचालकों की बैठक पुलिस लाइन स्थित सभागार में हुई। इसमें जनपद के 100 से अधिक डीजे संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में डीजे संचालन से जुड़ी कानूनी सीमाओं, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने संबंधी निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डीजे संचालन के लिए निर्धारित ध्वनि सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों एवं रिहायशी क्षेत्रों में डीजे बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने डीजे संचालकों को भीड़ नियंत्रण, जुलूसों में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिग बच्चों से डीजे संचालन में कार्य लेना बाल श्रम अधिनियम का उल्लंघन होगा, जिसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। गोष्ठी में यह भी निर्देशित किया गया कि डीजे के माध्यम से किसी भी प्रकार की अशोभनीय, अमर्यादित या सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली सामग्री का प्रसारण न किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित डीजे मशीन जब्त कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बैठक में संचारी रोगों से बचाव के बताये उपाय



बैठक करते चेयरमैन व ईओ। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास अनुपयोगी वस्तुओं में पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी को पूरी तरह से ढककर रखें। पूरी बांह वाली कमीज और पैंट पहनें। कूलर और गमलों को हर सप्ताह खाली कर सुखाएं। बैठक में ईओ संतोष कुमार चौधरी, बाबू मनीष श्रीवास्तव, लवकुश समेत कई लोग उपस्थित रहे। हालांकि, कुछ सभासदों ने आरोप लगाया कि बैठक सुबह 11 बजे बुलाई गई थी। लेकिन ईओ और चेयरमैन सवा बारह बजे तक नहीं पहुंचे। इस देरी के कारण आधा दर्जन से अधिक सभासद वापस लौट गए। अंत में, उपस्थित सभासदों और सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइजर के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

### लोकतंत्र सेनानी संग्राम वर्मा का निधन

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के भिखारीपुर में लोकतंत्र सेनानी संग्राम वर्मा (76) का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार दोपहर को उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक छा गया। नायब तहसीलदार तहजीब हैदर और प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। श्मशान घाट पर पुलिस ने सलामी दी। पौत्र गुलशन ने अंतिम संस्कार किया।

# बाढ़ बहा ले गई उम्मीदें...खेत डूबे घर उजड़े, अब मजदूरी ही सहारा

## बीते 5 सालों में बर्बाद हो गई 3686 हे. फसल, ढहे 103 आशियाने, चार मवेशी भी मरे

**अन्नदाता की अनदेखी**

- वर्ष 2023 में मिली थी थोड़ी राहत, लेकिन पिछले वर्ष फिर टूटा कुदरत का कहर
- सरकार से नहीं मिला समय पर मुआवजा, किसान बोले— खेत से अब मोहभंग

रामपुर मथुरा, सीतापुर



रामपुर मथुरा में सरयू का बढ़ता जलस्तर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांवों की पगडंडियों पर जब किसान गुजरता है, तो कंधे पर बोझ नहीं, उम्मीदें टंगी होती हैं। पर बीते पाँच सालों में बाढ़ और कटान प्रभावित रामपुर मथुरा इलाके के किसानों की उम्मीदें बाढ़ में बहती रहीं। खेतों से फसल नहीं निकली, बल्कि आंसू निकले। सरकारी आंकड़ों में जहां 3686.11 हेक्टेयर फसल की क्षति, 103 घरों का ढहना और चार मवेशियों की मौत दर्ज है, वहीं गांवों की गलियों में सिर्फ खामोशी और बेबसी दिखती है। रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र के अंगरौरा, अखरी, अटौरा, कनरखी, कलुआपुर, केवड़ा और शुकुलपुरवा बाढ़ की त्रासदी झेलने वाले प्रमुख गांव हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच इन गांवों में फसलें चौपट होती रहीं, घर गिरते रहे और प्रशासनिक राहत अक्सर देर से पहुंचती रही है।

**अब खेत डराने लगे हैं, घर तो पहले ही उजड़ चुका है :** किसान आत्माराम की आंखें भर आती हैं, कहते हैं कि हर साल खेत में बीज बोते हैं, लेकिन जब फसल कटती नहीं, सिर्फ पानी बहता है, तो जिंदगी भी बहती लगती है। हिमांशु, ब्रह्मचारी, अमित कुमार, अरविंद, मोतीलाल, झारखंडी निषाद, रामई, प्रेमपति, और सुनील कनौजिया जैसे किसान अब खेती छोड़ पलायन की सोच रहे हैं।

**चार वर्षों में चार मवेशियों की मौत**

2020 से 2024 के बीच बाढ़ से मरने वाले 4 पशुओं में दो भैंस, एक गाय और एक बछड़ा शामिल है। कई ग्रामीणों ने बताया कि नुकसान का मुआवजा भी आज तक नहीं मिल सका।

**अब मजदूरी ही आखिरी विकल्प**

किसानों का कहना है कि बाढ़ की मार से खेती घाटे का सौदा बन गई है। आत्माराम, सूबेदार, सड़कऊ, मंसाराम जैसे किसान बताते हैं कि फसलें हर साल बह जाती हैं, सरकार से मुआवजा समय पर नहीं मिलता, इसलिए अब परिवार पालने के लिए बाहर मजदूरी करनी पड़ती है।

**आंकड़ों पर एक नज़र**

- वर्ष 2020-21 में कनरखी में चार घर और 251.95 हेक्टेयर फसल डूबी
- 2022-23 में अकेले अखरी में 32 घर धराशायी हो गए।
- 2023-24 एकमात्र ऐसा वर्ष था जब फसल को नुकसान नहीं पहुंचा, पर दो घर फिर भी ढह गए।
- 2024-25 में एक बार फिर बाढ़ ने तबाही मचाई और हजारों किसानों के सपने तोड़ दिए।

"रामपुर मथुरा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में लेखपाल की रिपोर्ट पर मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वर्ष 2024-25 की फसल क्षति और आवासीय क्षति की सूची तहसील स्तर से जिलाधिकार को भेजी गई थी। जो पात्र किसान थे, उन्हें राजस्व विभाग की प्रक्रिया के तहत मुआवजा भी मिल चुका है।"

–अनिल कुमार राम, तहसीलदार महमूदाबाद

# बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजन ने रिश्तेदार पर लगाए गंभीर आरोप

महमूदाबाद (सीतापुर)

**अमृत विचार :** इलाके के बिलासपुर में रहने वाली बालिका की लखनऊ में संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि बालिका अपनी मौसी के घर पढ़ने के लिए गई थी, इसी दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। पैंतेपुर चौकी क्षेत्र के बिलासपुर निवासी शमशुद्दीन के मुताबिक, उसकी सात वर्षीया पुत्री आयशा दो माह पूर्व पढ़ाई के लिए लखनऊ के खुर्रमनगर निवासी अपने मौसा फारुख के घर गई थी। सुबह फोन से सूचना मिली कि बालिका ने दम तोड़ दिया।

पीड़ित पक्ष के मुताबिक, घर पहुंचे तो देखा कि आयशा के शरीर पर चोट के निशान हैं। आरोप है कि फारुख की पत्नी आयशा को प्रताड़ित करती थी। कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्थितियां स्पष्ट हो पाएंगी।

# हत्या के मामले में दोषी को उम्र कैद

**सीतापुर,अमृत विचार:** हरगांव थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस की मजबूत विवेचना के चलते आरोपी सुनील दीक्षित उर्फ खोबरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश तरन्नुम खान ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी पर 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
JUST NOW! WE ARE HIRING!
JOIN OUR TEAM
APPLY NOW!
Send your resume at: hr@amritvichar.com
For more info contact: PH.: 0522-4008111, 94108 28979
POSITION AVAILABLE
☑ MARKETING EXECUTIVE
Experience (2-3 Years)/ Fresher's can also apply
☑ CIRCULATION EXECUTIVE
Experience (2-3 Years)/ Fresher's can also apply
☑ DIGITAL MARKETING EXECUTIVE
Experience In Digital Marketing
Email - trinath.shukla@amritvichar.com Co.no- +91-9889191252
Lucknow office: 16A, Jopling Road, Lucknow (U.P.) - 226001

APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Department of Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

ONE PLATFORM A COMPLETE SOLUTION FOR BIOLOGY STUDENTS
12वीं बायलॉजी के बाद क्या-क्या ऑपशन हैं आपके पास ?
CAREER COUNSELLING & ADMISSION GUIDANCE FOR BIOLOGY STUDENTS
MBBS BDS, BAMS BHMS, BUMS
कहाँ से करें, कैसे करें, गवर्नमेंट कॉलेज में सेलेक्शन कैसे प्राप्त करें?
❑ जानिए विदेश में एम.बी.बी.एस. मेडिकल कॉलेज आपके बजट में किस देश और युनिवर्सिटी में बेहतर रहेगा।
❑ विदेश में एम.बी.बी.एस. और इण्डिया में Dental, Ayurvedic युनानी मेडिकल कॉलेज में स्कॉलरशिप कैसे पायें।
❑ जानिए यू.पी. और इण्डिया में प्राइवेट, एलोपैथिक, Dental, Ayurvedic, Homeopathic, मेडिकल कॉलेज कौन सा बेस्ट है।
❑ यदि आप Neet में Qualified नहीं हो पाये और Medical Field में बने रहना चाहते हैं तो आपके पास क्या विकल्प है?
❑ Medical field Students के Career के लिए Options क्या क्या है?
IN KAZAKHSTAN GEORGIA UZBEKISTAN RUSSIA KYRGYZSTAN BANGLADESH EGYPT
में आपके लिए कौन सी युनिवर्सिटी बेस्ट है
South Kazakh Medical Academy Kazakhstan Representative office in Lucknow में अब किसी Indian Agent की जरूरत नहीं Admission के लिए डायरेक्ट युनिवर्सिटी रिप्रेसेंटेटिव से संपर्क करें।
International Black Sea University | Pitrim Sorokin Syktyvkar State University | South Kazakh Medical Academy
SCHOLARSHIP MBBS ADMISSION
IN ABROAD SPONCERED BY MBBS Route SCHOLARSHIP AVAILABLE ON FIRST COME FIRST BASIS
20 TO 30 BUDGET: Pitrim Sorokin Syktyvkar State University, Namangan State University, Ivanovo State Medical Academy, Yaroslaval State Medical University
30 TO 40 BUDGET: Bashkir State Medical University Russia, National Research Lobachevsky University, South Kazakh Medical Academy, Kazakh National Medical University
40 TO 50 BUDGET: Caucus International University, Tbilisi Medical Academy, International Black Sea University
MBBS अब सपना नहीं हकीकत है
20 लाख में (6 साल) की पूरी पढ़ाई रहने खाने एवं VISA तथा मेडिकल के साथ
Anshika Soni
CAREER COUNSELOR
14 वर्षों का अनुभव
→ Ajay Kumar Gupta who has been awarded by the central minsiter Arjun Ram Meghwal for best career counseling. U.P. Cabinate Law Minister Brijesh Pathak, Amar Ujala, Dainik Jagran-Inext, A.K.T.U. Vice Chancellor and Lucknow University Vice Chancellor.
→ Get a Career Counselor from up to know about your child's future.
Awarded U.P. Educationist
Study Russia Kazakhstan Georgia
INVITES INDIAN STUDENTS FOR DIRECT GOVERNMENT, MEDICAL UNIV ADMISSIONS
ALL SOLUTION IN MEDICAL FIELD EDUCATION AFTER 12TH IN ONE PLATFORM
➢ BEST COACHING ➢ ONLINE COACHING ➢ MBBS ABROAD ➢ SCHOLARSHIP ➢ KNOW BEST PRIVATE BDS, BAMS, BHMS, BUMS COLLEGE IN YOUR BUDGET ➢ PHARMACY COURSE ➢ PARAMEDICAL COURSES ➢ LIFE SCIENCES COURSE ➢ VETERINARY SCIENCE ➢ IF NEET NOT QUALIFIED THEN OPTIONS?
कॅरियर क्षेत्र के उचित चुनाव हेतु कॅरियर कांउसलर अंशिका सोनी से सुझाव लें
MBBS ROUTE, 117/O.24 D, Near Hari Girls Hostel, Geeta Nagar Kakadeo, Kanpur - 208025 (Uttar Pradesh)
Lucknow | Kanpur | Pratapgarh | Raebareily | Varanasi | Jhansi | Delhi | Pune
8881966002

## सार-संक्षेप

### गलत ढंग से पदोन्नति में दोषी पर गाज

**सीतापुर,अमृत विचार :** विकास विभाग में प्रधान सहायक पर फर्जीवाड़ा कर पदोन्नति का आरोप है, तथ्य पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर आरोपी को रामपुर मथुरा ब्लॉक से संबद्ध किया गया है। विकास भवन में कार्यरत पंकज कुमार पर आरोप है कि इन्होंने नियमों को दरकिनार कर स्वयं की पदोन्नति ली। इसके साथ कुल सात मामलों में जांच में दोषी पाया गया। सीडीओ निधि बंसल ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में पंकज कुमार रामपुरमथुरा ब्लॉक से संबद्ध रहेंगे। आरोपों की जांच को लेकर डीसी मनरेगा को जांच अधिकारी बनाया गया है।

### समाधान दिवस में उठा मेड़बंदी का मामला

**रामपुर मथुरा, सीतापुर,अमृत विचार :** थाना परिसर में समाधान दिवस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कुल 17 प्रार्थना पत्रों में चार आवेदन मेड़बंदी से जुड़े रहे। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि एसडीएम कोर्ट से आदेश मिलने के बावजूद पैमाइश नहीं हो सकी। इस पर तहसीलदार अनिल कुमार राम ने कानूनगो बीरेंद्र सिंह व अशोक शर्मा को अगले दिन तक पैमाइश कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी ने बताया कि एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण हुआ, शेष लेखपालों को सौंपे गए हैं। मौके पर कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### 66 बूथों और आठ शक्ति केंद्रों पर लगाए जाएंगे 660 पौधे

**लहरपुर, सीतापुर,अमृत विचार :** भाजपा द्वारा शनिवार को बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शक्ति केंद्र बदायूं टोला में बैठक आयोजित हुई। इसमें रणनीति बनाते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल ने बताया कि 66 बूथों और 8 शक्ति केंद्रों पर 660 पौधे रोपे जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके बाद कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुनेंगे। बैठक में देवेश अवस्थी, आलोक जयसवाल, सत्यम शुक्ला, अनुराग वर्मा, कमलेश कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेना का कर्नल बन ठगी करने वाला नटवरलाल गिरफ्तार



आरोपी राहुल।

**सीतापुर,अमृत विचार :** सेना में नौकरी की चाहत रखने वाली दो युवतियों को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर चार लाख रुपये ठगने वाले एक फर्जी कर्नल को एसटीएफ और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने सीतापुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी सेना की वर्दी पहनकर खुद को कर्नल बताता था और बेरोजगार युवक-युवतियों को ठगता था। एसटीएफ को शनिवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सीतापुर में खुद को सेना का अधिकारी बताकर लोगों से ठगी कर रहा है। टीम ने कोतवाली नगर क्षेत्र के नारायण नगर मोहल्ले में छापा मारा। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम से हाथापाई की, लेकिन उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी राहुल के रूप में हुई। राहुल वर्तमान समय में सीतापुर में रहकर अपने मंसूबों को अंजाम दे रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि वह वर्ष 2019 से 2022 तक सेना में महार रेजिमेंट सागर मध्यप्रदेश में सिपाही के रूप में तैनात रहा था। सेवा समाप्त होने के बाद उसने सेना की वर्दी, कर्नल के बैज और अशोक की लॉट अपने पास रख ली और फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर लोगों को ठगने लगा। लखनऊ की मुस्कान माहौर और कल्पना कुमारी से उसने नर्सिंग असिस्टेंट की नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये लिए। युवतियों को जब ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी दस्तावेज, सेना की वर्दी और नकद रुपये बरामद किए हैं। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, दो गंभीर

**सीतापुर,अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक मजदूरी करने जा रहे थे और पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना सुबह करीब 9 बजे की है। महोली कोतवाली क्षेत्र के रुस्तम नगर कोल्हौरा गांव निवासी मनोज कुमार (22) अपने दो साथियों भोगपाल और अखिलेश के साथ मजदूरी पर जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक कारीपाकर गांव के पास पहुंची, मैगलगंज से सीतापुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क से दूर जा गिरी और कार पलट गई। हादसे में मनोज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भोगपाल और अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को महोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, कार में सवार शहर कोतवाली क्षेत्र के कजियारा निवासी राहीन मोहम्मद, उनकी पत्नी जहीन, अली अनवर और उनकी पत्नी रबीर को भी मामूली चोटें आईं। नेरी चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार चालक राहीन मोहम्मद को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### मोहर्रम की शुरुआत के साथ गूंजे हुसैनियत के तराने

**लहरपुर, सीतापुर,अमृत विचार :** मोहर्रम की पहली तारीख को लेकर नगर के मोहल्ला काजी टोला स्थित शिया इमामबाड़ा सरकारें हुसैनी में अजाखाना सजाकर मजलिसों का सिलसिला शुरू हुआ। शुक्रवार देर शाम आजमगढ़ से आए मौलाना हसन अली रिज़वी ने मजलिस को संबोधित किया। मौलाना ने इमाम हुसैन अ.स की कुर्बानी को याद करते हुए कहा कि यह जंग हक और बातिल के बीच थी। इमाम हुसैन ने यजीद की बैअत ठुकराकर इंसानियत और इस्लामी उसूलों की हिफाजत की। उन्होंने कहा कि 6 महीने के अली असगर अ.स को भी कुर्बान कर दिया, लेकिन यजीद के सामने सिर नहीं झुकाया। मजलिस में हुसैनियत जिंदाबाद, यजीदियत मुर्दाबाद के नारे भी लगे। कार्यक्रम में जावेद रिज़वी, आकिल रिज़वी, मसर्रत हुसैन, जबीर, साहिल समेत कई अकीदतमंद मौजूद रहे।

### किसानों से संवाद कर सिखाए उत्पादकता के गुर

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** अवध शुगर मिल हरगांव परिक्षेत्र में गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने एवं कृषकों की आय बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे विशेष प्रशिक्षण अभियान के तहत गन्ना फसल सुरक्षा पेड़ी प्रबंधन गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राम समोलिया में चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित के मार्गदर्शन में गन्ना फसल सुरक्षा पेड़ी प्रबंध पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम गड़ौसा में प्रगतिशील किसान राम गुलाम वर्मा ने बताया किसानों को 15023 गन्ना प्रजाति के बारे में उपस्थित किसानों को जानकारी दी। गन्ना प्रबंधक नरेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि हरगांव चीनी मिल के गन्ना विकास सलाहकार डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने किसान से खेत पर बातचीत की। इस मौके पर गन्ना पर्यवेक्षक शुभम त्रिपाठी ने बताया कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 30 सितंबर तक नए सदस्य बनेंगे। कार्यक्रम में काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# काम पर निकला श्रमिक लापता

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार:** कोतवाली बिसवां इलाके के अंतर्गत आने वाले गांव का निवासी वृद्ध लखनऊ काम करने गया था। वहीं से अधेड़ अचानक लापता हो गया। लखनऊ पुलिस ने अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की। कोतवाली बिसवां इलाके के गांव अलीबक्श पुरवा मजरा पुरैनी निवासी विजय (55) पुत्र बनवारी लखनऊ मुबारकपुर आईआईएम के पास रामचंद्र मिशन में पिछले एक माह से कार्य कर रहा था। 9 जून को प्रतिदिन की तरह पूरा कार्य करता रहा। शाम को बिना बताये कहीं चला गया। विजय की पत्नी मंजू द्वारा थाना अध्यक्ष सैर को तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर लखनऊ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

Providing Consciousness Based Education Since 1984
MAHARISHI VIDYA MANDIR, LUCKNOW
AFFILIATED TO CBSE, DELHI
(PLAY GROUP TO XII)
ADMISSION OPEN
SESSION : 2025-26
Classes - Play Group to IX & XI



PRISHA YADAV Topper Class - XII 94.80%
TANISHKA JAISWAL Topper Class - X 94.60%
DEVAANSH SRIVASTAVA IIT Cracker
SIDDHANT CHATURVEDI IIT Cracker
BOARDING/DAY BOARDING FACILITY AVAILABLE
8114001812, 8114001813, 8114001814
IIM ROAD, LUCKNOW
Website : www.mvmlucknow.in
Email : mvm.lkoadmission@gmail.com
@mvm.lko mvm.lko Maharishi Vidya Mandir Lucknow

RAMESHWARAM INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
Approved by AICTE, PCI, New Delhi & Affiliated to A.K.T.U., & B.T.E., Lucknow
B.Tech | M.Tech | Polytechnic | B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm | MBA
Our Other Campus
SITAPUR • Pharmacy • 10+2 CBSE School
GONDA • Polytechnic
RAIBARELI • Polytechnic
PRAYAGRAJ • D.El.Ed. (BTC) • ITI
Why Join RITM ?
- IIRF State Rank -14 & All Indian Rank 166 in Engg.
- Regular Industrial Visit & Industrial Projects.
- Industrial Training tie-ups in MNC's.
- Regular Campus Placement
- Personality Development Programmes & soft skill programmes by the Team of Professionals.
- Regular software development/AutoMobile/ Drone Technology/Workshops by the Experts.
- Incubation & Start-up programme cell as per AICTE.
- Hi-Tech Computer Labs
- Wi-Fi Campus (Reliance Jio)

Proposed Scholarship (For B.Tech & MBA Students)

| Percentage in 12 / Graduation | Scholarship |
| --- | --- |
| 90% and above | 0% Tuition Fee |
| 85% and above | 50% Tuition Fee |
| 80% and above | 35% Tuition Fee |
| 75% and above | 30% Tuition Fee |
| 70% and above | 20% Tuition Fee |

* Student will pay additional charges

ADMISSIONS OPEN 2025-26
Courses Offered

POLYTECHNIC/ DIPLOMA (BTE Code - 298)

| Branch | Seats |
| --- | --- |
| Civil Engg. | 60 |
| Electrical Engg. | 60 |
| Mechanical (Prod.) Engg. | 60 |
| Electronics Engg. | 60 |

B.TECH (AKTU Code - 358)

| Branch | | Seats |
| --- | --- | --- |
| Civil Engg. | (CE) | 60 |
| Mechanical Engg. | (ME) | 60 |
| Computer Science Engg. | (CS) | 120 |
| Electronics & Comm. Engg. | (EC) | 60 |
| Electrical Engg. | (EE) | 60 |

M.Tech (AKTU Code-358)

| Branch | Seats |
| --- | --- |
| Computer Science Engg. | 24 |
| Electronics & Comm. Engg. | 24 |

MANAGEMENT (AKTU Code-203/358)

| Branch | Seats |
| --- | --- |
| MBA (HR/MKT./IT/IB/FIN./OM) | 180 |

PHARMACY (AKTU Code-203)

| Course | Seats |
| --- | --- |
| D.Pharm | 60 |
| B.Pharm | 100 |

M.Pharm (AKTU Code-203)

| Branch | Seats |
| --- | --- |
| Pharmaceutics | 12 |
| Pharmacology | 06 |
| Pharmacognosy | 09 |

Eligibility: As per AICTE / State Govt. Norms.
NH-24, Govindpuram, Opp. AKTU, Sitapur Road, Lucknow-227202 (UP), 9838640044, 9335076004, 9554961283

# तेज धूप में कतार में खड़े रहे मरीज, लैब कर्मी नदारद

## महिला अस्पताल की पैथोलॉजी विभाग की लापरवाही बढ़ा रही तकलीफ

जिला संवाददाता,सीतापुर

**अमृत विचार :** तेज धूप और उमस भरे मौसम में जब लोगों की तबीयत बिगड़ रही है, ऐसे में जिला महिला अस्पताल की पैथोलॉजी विभाग की लापरवाही मरीजों पर दोहरी मार बन गई है। एक ओर मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यहां की व्यवस्थाएं उनके धैर्य की परीक्षा ले रही हैं। शनिवार को सुबह 10:25 बजे जिला महिला अस्पताल की पैथोलॉजी के बाहर जांच कराने के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी थी। बढ़ती उमस और कतार में महिलाएं बैठने के स्थान की तलाश में इधर-उधर भटकती रहीं थी। इसी बीच पैथोलॉजी की टेक्नीशियन अर्चना निर्धारित समय के बावजूद 10:35 बजे तक लैब में मौजूद नहीं थीं, जिससे मरीजों को इंतजार करना पड़ा। मौके पर मौजूद एक कर्मचारी ने बताया कि आम मरीजों के लिए केवल ओजीटीटी (ब्लड शुगर जांच) की सुविधा उपलब्ध है, जबकि बाकी जांचें सीमित रूप से ही की जाती हैं।



पैथोलॉजी के बाहर जांच करवाने के लिए कतारबद्ध मरीज। अमृत विचार

> हमें शिकायत मिली है, पैथोलॉजी स्टाफ की उपस्थिति को लेकर जांच कराई जाएगी। यदि कोई कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। मरीजों को सुविधाएं प्राथमिकता पर मिलें, यह हमारी जिम्मेदारी है।
> **-डॉ. सुनीता कश्यप,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला अस्पताल।

हालांकि डॉ. अभिषेक शुक्ला व डॉ. सालिकराम ने दावा किया कि यहां केएफटी, एलएफटी, सीबीसी और यूरिन जांच की सुविधा भी मौजूद है।

**नो पार्किंग में वाहनों की कतारें**

जिला महिला अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर लगे नो पार्किंग बोर्ड के नीचे वाहन खड़े कर दिए गए थे, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह जाम नजर आया। ऐसे में एंबुलेंस से आए मरीजों और पैदल चलने वाली महिलाओं को वाहन के बीच से होकर निकलना पड़ा।

**मरीज बोले–इसी लिए निजी जांच केंद्रों का लेते हैं सहारा :** जांच के लिए आईं रीता देवी, आशा, सुमन आदि ने बताया कि जब सरकारी पैथोलॉजी में सुविधा और समय की पाबंदी नहीं मिलती, तो उन्हें मजबूरन महंगी प्राइवेट लैब का रुख करना पड़ता है। महिला अस्पताल में पैथोलॉजी जांच की सुविधाएं बढ़ाई जाएं और स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, तो काफी हद तक राहत मिल सकती है।

# बिजली केबल को लेकर विधायक व पूर्व विधायक हुए आमने-सामने, ग्रामीणों ने रोका कार्य

**कुटुबनगर/ पिसावां, सीतापुर,अमृत विचारः** गडासा गांव में बिजली की लाइन के लिए अलग-अलग मोटाई की केबल डालने को लेकर शनिवार को विवाद हो गया। ग्रामीणों ने 95 एमएम की मोटी केबल की मांग की और पतली केबल डाले जाने पर विरोध जताया। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने भेदभाव का आरोप लगाया, जबकि भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सभी को पर्याप्त बिजली मिलेगी। बढ़ते विवाद के बीच प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मामले को शांत कराया। पिसावां विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गडासा में बिजली विभाग द्वारा नई केबल डाले जाने का कार्य शनिवार को शुरू हुआ। जैसे ही खंभों पर 55 एमएम और 75 एमएम मोटाई की केबल डाली जाने लगी, ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पूरे गांव में एक समान 95 एमएम की मोटी केबल डाली जाए, ताकि बिजली की आपूर्ति में भेदभाव न हो। विवाद की जानकारी मिलते ही सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता गांव पहुंचे और विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि दक्षिण मोहल्ले में पतली केबल डालकर लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने एक तरफ मोटी और दूसरी तरफ पतली केबल डालने पर नाराजगी जताई। उधर, भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया कि सभी को पर्याप्त और समान बिजली मिलेगी। उन्होंने कुछ लोगों पर जातीय भेदभाव फैलाने का आरोप भी लगाया। हालांकि एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, सीओ दीपक कुमार सिंह और थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जेई राजेश गौतम ने बताया कि मेन लाइन में 95 एमएम और ब्रांच में 55 एमएम की केबल है, जिससे बिजली की गुणवत्ता पर असर नहीं पड़ेगा। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।



गडासा गांव में मौजूद विधायक शशांक त्रिवेदी और पूर्व विधायक अनूप गुप्ता। अमृत विचार

## फर्जी मोहर से जमीन पर कब्जे की शिकायत

**खैराबाद, सीतापुर,अमृत विचार :** ग्रामीणों का आरोप है कि एक व्यक्ति ने गंगापुर उल्फत राय में ग्राम प्रधान की फर्जी मोहर और हस्ताक्षर से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत सीडीओ से की है और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "16-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "अन–माउंटिंग & माउंटिंग एलॉन्ग विथ डिसमेंटलिंग, असेम्बिलंग & ट्रांसपोर्टेसन ऑफ साईड बफर असेंबली एण्ड सेंटर पिवोट असेंबली ईन ऑल टाईप ऑफ कोचेज फॉर 24 मन्थस ऐट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर" अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 68,75,460.12, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 1,37,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: दिनांक 18-07-2025, 11:00 बजे। संविदा की अवधि: 24 माह।

• उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर**
मुजाधि/यॉंत्रिक–37

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा संख्याः** CPM-GS-IZN-2025-07, **कार्य का नामः** उप मुख्य इंजीनियर/गति/इज्जतनगर के कार्य क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत कन्नौज स्टेशन पर शेष कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य (रु):** ₹ 6,47,72,324.08, **बयाना राशि (रु):** ₹ 4,73,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु) :** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 (बारह) माह, **नोटः 1.** बिड़िंग प्रारम्भ करने की तिथि- 07.07.2025, **2.** उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 21.07.2025, 15.00 बजे तक, **3.**उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 21.07.2025, 15.30 बजे, **4.** निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **5.** निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों मे कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**अधिशासी इंजीनियर/गतिशक्ति इज्जतनगर**
**मुजाधि/डबलू-140**

**"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"**


## एक नजर

### दो शिकायतों का समाधान

**लहरपुर, सीतापुर,अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान कुल 6 शिकायतकर्ताओं ने अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र दिए। इनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 4 शिकायतों को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

### 22 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर,अमृत विचार :** सकरन थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के मामले में 22 वर्षों से फरार चल रहे शातिर वारंटी प्रमोद उर्फ मोधे लोनिया, निवासी सरजूपुरवा को सकरन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर वर्ष 2003 में आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**लहरपुर, सीतापुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने केसरीगंज निवासी सोनू राज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। भारतीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अमन मिश्रा की शिकायत पर कार्रवाई हुई।

### श्रेष्ठ करदाता सम्मानित

**सीतापुर,अमृत विचार :** भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन हुआ। लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर विश्व समुद्र इंजीनियरिंग, अग्रवाल ऑटो सेल्स, अवध शुगर मिल समेत दस प्रतिष्ठानों को सम्मानित किया गया। मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने व्यापारियों से जनपद के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

### आग से गृहस्थी जली

**सीतापुर,अमृत विचार :** थानगांव थानाक्षेत्र के निबिया गांव में मनीलाल के घर के छप्पर में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में घरेलू सामान और गृहस्थी जल गई। मनीलाल के मुताबिक, आग से लगभग 30 हजार रुपये से अधिक का सामान जला है। आग पर दमकलकर्मियों की मदद से काबू पाया जा सका। पीड़ित पक्ष ने एक युवक पर रंजिश में आग लगाए जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अतुल शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीन विवाद चला आ रहा है। फिलहाल आरोपों की जांच की जा रही है।

### जाली नोट गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**सीतापुर,अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने जाली मुद्रा छापकर तस्करी करने वाले गिरोह का एक और सदस्य अनस अहमद को सीतापुर से गिरफ्तार किया। शातिर के पास से 1 लाख 5 हजार रुपये मूल्य की नकली भारतीय मुद्रा और थ्रेड पेपर पर छपी नोटों की शीट बरामद की गई। शातिर पहले से दर्ज मुकदमे में नामजद था और पूछताछ में उसने बागपत जनपद के एक अन्य व्यक्ति का नाम उजागर किया है।

# विद्यालय विलय पर ग्रामीण मुखर, विधायक से मिले

संवाददाता,मछरेहटा, सीतापुर

**विलय का विरोध**

- **छोटे बच्चों को दूर भेजने पर जताई आपत्ति**
- **ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से जिला मुख्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, विधायक के आश्वासन पर माने**

**अमृत विचार :** मछरेहटा ब्लॉक के ग्रामीणों ने विद्यालयों के विलय के शासनादेश का विरोध शुरू कर दिया है। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों में मिलाने के आदेश से ग्रामीणों में आक्रोश है। ट्रैक्टर-ट्रालियों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर विधायक से मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे बच्चों को दूर भेजना सुरक्षित नहीं और इससे उनका भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

गांव की गलियों में बच्चों की चहक धीरे-धीरे थमने लगी है। सरकार द्वारा जारी नए आदेश ने ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को संकट में डाल दिया है। समग्र शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्थापित किए गए छोटे-छोटे स्कूलों को अब विलय की दिशा में धकेला जा रहा है। मछरेहटा ब्लॉक के कैमा, बारेपारा, मदनापुर, हेतपुर, लालपुर सहित 14 विद्यालय ऐसे हैं जिनकी छात्र संख्या 50 से कम है। शासन का आदेश है कि इन्हें समीपवर्ती विद्यालयों में समायोजित कर दिया जाए। यह सुनते ही अभिभावकों और प्रधानों में बेचैनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि छह साल के बच्चे के लिए दो किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई कर पाना बड़ा मुश्किल भरा है। ऐसे में उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। शनिवार को लालपुर के प्रधान अनुज सिंह के नेतृत्व में ट्रैक्टर-ट्राली भरकर ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। अधिकारियों के न मिलने पर उन्होंने क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव से अपनी बात रखी। विधायक ने आश्वस्त किया कि मामले को प्रशासनिक और आवश्यक होने पर मुख्यमंत्री स्तर तक भी उठाया जाएगा।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैं **सियारानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सियाराम निवासिनी ग्राम रसूलपुर मजरा समेसी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ,** मेरे आधार कार्ड नम्बर–8641 2092 0914 में विवाह पूर्व पिता के यहाँ आधार कार्ड में त्रुटिवश पुष्पा देवी नाम दर्ज हो गया था तथा विवाह के पश्चात ससुराल में आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड, राजस्व अभिलेखों, पहचान पत्र, राशन कार्ड में विधवा पेन्शन, गैस एजेन्सी, आयुष्मान कार्ड. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमण पत्र व ईश्रम कार्ड में सियारानी नाम दर्ज है। मैं सियारानी व पुष्पा देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **सुन्दारा पत्नी रामदास निवासी वीरशाहपुर परगना फखरपुर तहसील महसी जनपद बहराइच,** मेरे बैंक जिसकी खाता सद्ग 50350262158 है के खतौनी व आधारकार्ड जिसका नं0 962193256320/962193256380 पर सुन्दारा पत्नी रामदास दर्ज अभिलेख है। जो सही है। मेरे दो अलग–2 नाम है। सुन्दारा व केतका दोनों नाम एक ही महिला के है। इनके अलावा कोई अन्य महिला नही है।

**सूचना**

मेरे बचत खाता में मेरा नाम प्रिया सिंह अंकित हो गया है जबकि मेरे अन्य कागजात शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरा नाम प्रिया सिंह चंदेल अंकित है जो की सही है जिसे खाते में सही दर्ज कर दिया जाए। **प्रिया सिंह चंदेल पुत्री रविंद्र सिंह चंदेल निवासी ग्राम गोकना पोस्ट कोटिया ऊंचाहार रायबरेली 229404 उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र तौफीक हुसैन व उसकी पत्नी अनम बेगम के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे– **जाकिर हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन व चांदतारा बेगम निवासी–गांधीनगर थाना–बिधूना –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र अनुज सिंह व उसकी पत्नी नीरु देवी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे– **सुशीला देवी पत्नी रणधीर सिंह व रणधीर सिंह पुत्र छविनाथ सिंह ग्राम बेलामऊ सरैया थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि श्री विन्ध्याचल सिंह पुत्र स्व0 श्री जगदम्बा बक्स सिंह ग्राम व पोस्ट–दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर। फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट –दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर, के साझेदार की मृत्यु दिनॉक 26.03.2025 को हो गयी है। उनके स्थान पर एक अन्य साझेदार श्रीमती रीता सिंह पत्नी स्व0 श्री विन्ध्याचल सिंह ग्राम व पोस्ट– दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर को दिनॉक 01.05.2025 से साझेदार के रूप में शामिल हुयी हैं। **निवेदक गौरव सिंह साझेदार फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट– दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) में त्रुटिवश मेरा नाम Madhu Shribasotiya व जन्मतिथि 01/01/1994 हो गया है जोकि गलत है। सही नाम Madhu Shree Basotiya व जन्मतिथि 08/11/1993 है। उपरोक्त दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में Madhu Shree Basotiya **निवासी– उपरहितन पुरवा जानकी नगर गोण्डा** के नाम से जाना पहचाना जाए।



# कार्यालय उपजिलाधिकारी कादीपुर, सुलतानपुर

पत्रांक– 57/र0का0–आवंटन/म0पा0अ0–नीलामी विज्ञापन/25 दिनांक 23 जून 2025

**प्रेस–विज्ञप्ति**

मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट संख्या 54161/2013 इन्द्रपाल बनाम उ0प्र0 सरकार में पारित आदेश दि0 14.05.2025 व सिविल रिट याचिका संख्या–18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दि0 16.04.2012 एवं राजस्व संहिता 2006 (यथा संशोधित) की धारा 61 के अनुपालन में तहसील कादीपुर जनपद सुलतानपुर में मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन कालम 6 में अंकित दिनांक को किया जायेगा है। शासनादेश संख्या–3776/1–2–95–रा–2 दिनांक 17.10.1995 में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों को नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा किया जायेगा। 2.000 हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से पंजीकृत तथा मान्यता प्राप्त मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को किया जायेगा। मत्स्य पालन पट्टे का लगान बकायेदार पट्टेदार अथवा समिति को किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा लेने हेतु बोली में शामिल होने के लिये पात्र नहीं होगा। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के लिये यह अनिवार्यता होगी की समिति के अध्यक्ष/सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालन विकास अभिकरण से अदेयता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर नीलामी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगें। ऐसा न करने पर नीलामी प्रक्रिया में भाग न ले सकेगें। नीलामी माननीय राजस्व परिषद लखनऊ के पत्र संख्या आर0जी0–2011–जी0–5–23 (आर रिट)/ 2011 दिनांक 16 जुलाई 2013 के अन्तर्गत तालाबों की नियत प्रारूप पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में नीलाम प्रक्रिया किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है जो निम्नवत है–

| | |
|---|---|
| नीलामी स्थल– | तहसील सभागार कादीपुर |
| आवेदन पत्र प्राप्त करने का समय– | प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक। |
| नीलामी/बोली का समय– | अपरान्ह 01:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक |
| नीलामी अधिकारी– | तहसीलदार कादीपुर |

नीलामी हेतु तालाब/पोखर/मीनाशय का विवरण

| क्र0 सं0 | राजस्व ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल (हे0 में) | न्यूनतम वार्षिक लगान धनराशि (रू0 5000 प्रति हे0 प्रति वर्ष) | बोली बोलने के लिये जमानत धनराशि (रूपये में) | नीलामी तिथि एवं दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अमनाइकपुर | 145 | 0.284 | 1420 | 2000 | दिनाक 01.08. 2025 दिन शुक्रवार |
| 2 | नरायनपुर नागनाथपुर | 74 | 0.809 | 4045 | 2000 | |
| 3 | नरायनपुर नागनाथपुर | 226क | 0.828 | 4140 | 2000 | |
| 4 | गंगापुर कलां | 22 | 0.746 | 3730 | 2000 | |
| 5 | दसगरपारा | 1122 | 0.707 | 3535 | 2000 | |
| 6 | कटघरा मुतरवाही | 262 | 0.367 | 1835 | 2000 | |
| 7 | कटघरा मुतरवाही | 188 | 0.519 | 2595 | 2000 | |
| 8 | रामपुर खुर्द | 217 | 0.256 | 1280 | 2000 | |
| 9 | महमदाबाद | 576 | 0.350 | 1750 | 2000 | |
| 10 | तौकलपुर | 136 | 0.809 | 4045 | 2000 | |
| 11 | बनकेगांव | 196 | 0.803 | 4015 | 2000 | |
| 12 | मगरावां | 511मि | 0.316 | 1580 | 2000 | |
| 13 | बिरईपुर भटपुरा | 1036 | 0.733 | 3665 | 2000 | |
| 14 | वारी | 53घ | 0.443 | 2215 | 2000 | |
| 15 | बुढ़ाना | 519 | 0.202 | 1010 | 2000 | |
| 16 | कमरावां | 164 | 0.526 | 2630 | 2000 | |
| 17 | गौराबीबीपुर | 62 | 0.332 | 1660 | 2000 | |
| 18 | हमजापुर पठान | 222 | 0.249 | 1245 | 2000 | |
| 19 | तवक्कलपुरनगरा | 491 | 0.879 | 4395 | 2000 | |
| 20 | गोपालपुर सरायख्वाजा | 654ग | 0.481 | 2405 | 2000 | |
| 21 | रोहियावां | 113 | 0.228 | 1140 | 2000 | |
| 22 | रोहियावां | 100 | 0.670 | 3350 | 2000 | |
| 23 | ककना | 536 | 0.392 | 1960 | 2000 | |
| 24 | मुस्तफाबाद सरैया | 98 | 0.506 | 2530 | 2000 | |
| 25 | खालिसपुर मुबारकपुर | 213ग | 0.974 | 4870 | 2000 | |
| 26 | बढ़ौनाडीह | 405 | 0.430 | 2150 | 2000 | |
| 27 | बढ़ौनाडीह | 472 | 0.961 | 4805 | 2000 | |
| 28 | बढ़ौनाडीह | 439 | 0.240 | 1200 | 2000 | |
| 29 | बढ़ौनाडीह | 475 | 0.367 | 1835 | 2000 | |
| 30 | बढ़ौनाडीह | 509ख | 0.258 | 1290 | 2000 | |
| 31 | बढ़ौनाडीह | 510च | 0.604 | 3020 | 2000 | |
| 32 | हांसापुर | 68 | 0.509 | 2545 | 2000 | दिनाक 02.08. 2025 दिन शनिवार |
| 33 | हांसापुर | 70क | 0.360 | 1800 | 2000 | |
| 34 | हांसापुर | 109 | 0.499 | 2495 | 2000 | |
| 35 | हांसापुर | 417क | 0.502 | 2510 | 2000 | |
| 36 | हांसापुर | 419 | 0.525 | 2625 | 2000 | |
| 37 | हांसापुर | 430 | 0.266 | 1330 | 2000 | |
| 38 | हांसापुर | 487 | 0.344 | 1720 | 2000 | |
| 39 | हांसापुर | 626 | 0.455 | 2275 | 2000 | |
| 40 | हांसापुर | 840 | 0.280 | 1400 | 2000 | |
| 41 | हांसापुर | 952 | 0.296 | 1480 | 2000 | |
| 42 | पदारथपुर उपाध्याय | 634ख | 0.825 | 4125 | 2000 | दिनाक 02.08. 2025 दिन शनिवार |
| 43 | मुड़हा | 589क | 0.443 | 2215 | 2000 | |
| 44 | अनन्तपुर | 22 | 0.807 | 4035 | 2000 | |
| 45 | अनन्तपुर | 3 | 0.810 | 4050 | 2000 | |
| 46 | कटघरापट्टी | 591 | 0.618 | 3090 | 2000 | |
| 47 | अमरेथू डढ़िया | 535 | 0.326 | 1630 | 2000 | |
| 48 | कटघरापट्टी | 1697 | 0.506 | 2530 | 2000 | |
| 49 | कटघरापट्टी | 1697 | 0.506 | 2530 | 2000 | |
| 50 | कूहीं डढ़िया | 84 | 0.253 | 1265 | 2000 | |
| 51 | कूहीं डढ़िया | 85 | 0.936 | 4680 | 2000 | |
| 52 | कूहीं डढ़िया | 51 | 0.752 | 3760 | 2000 | |
| 53 | भरथुआ | 90क | 0.367 | 1835 | 2000 | |
| 54 | भरथुआ | 1023 | 0.626 | 3130 | 2000 | |
| 55 | भरथुआ | 90क | 0.367 | 1835 | 2000 | |
| 56 | भरथुआ | 1023 | 0.626 | 3130 | 2000 | |
| 57 | जलालपुर बखरा | 473 | 0.215 | 1075 | 2000 | |
| 58 | बेथरा | 1362ख | 0.363 | 1815 | 2000 | |
| 59 | खालिसपुर डींगुर | 698 | 0.367 | 1835 | 2000 | |
| 60 | बसहां | 440 | 0.352 | 1760 | 2000 | |
| 61 | महमदपुर | 50 | 0.329 | 1645 | 2000 | |
| 62 | कलान | 619ख | 0.582 | 2910 | 2000 | |
| 63 | अलाउद्दीनपुर | 95ख | 0.490 | 2450 | 2000 | |
| 64 | अलाउद्दीनपुर | 240 | 0.266 | 1330 | 2000 | दिनाक 04.08. 2025 दिन सोमवार |
| 65 | गोपालपुर | 99 | 0.569 | 2845 | 2000 | |
| 66 | प्राणनाथपुर बछेड़िया | 1126ख | 0.797 | 3985 | 2000 | |
| 67 | प्राणनाथपुर बछेड़िया | 1516 | 0.430 | 2150 | 2000 | |
| 68 | जगदीशपुर | 479ग | 0.266 | 1330 | 2000 | |
| 69 | पारावासूपुर | 97 | 0.272 | 1360 | 2000 | |
| 70 | हाजीपुर बीरी | 2774 | 0.626 | 3130 | 2000 | |
| 71 | पौधनरामपुर | 1422ख | 0.367 | 1835 | 2000 | |
| 72 | मसुरन | 343ख | 0.537 | 2685 | 2000 | |
| 73 | वारी सहिजन | 591छ | 0.329 | 1645 | 2000 | |
| 74 | मीरपुर प्रतापपुर | 2579 | 0.262 | 1310 | 2000 | |
| 75 | मीरपुर प्रतापपुर | 1334 | 0.4870 | 2435 | 2000 | |
| 76 | उमरी | 534क | 1.899 | 9495 | 2000 | |
| 77 | गिधौना | 223ख | 1.746 | 8730 | 2000 | |
| 78 | मसुरन | 310 | 1.195 | 5975 | 2000 | |
| 79 | हांसापुर | 218 | 1.227 | 6135 | 2000 | |
| 80 | हाजीपुर बीरी | 2167ख | 1.177 | 5885 | 2000 | |
| 81 | मिसिरपुर जलालपुर | 192 | 1.708 | 8540 | 2000 | |
| 82 | उमरी | 202मि | 1.344 | 6720 | 2000 | |
| 83 | गौराबीबीपुर | 213 | 1.947 | 9735 | 2000 | |
| 84 | मीरपुर प्रतापपुर | 4016 | 1.214 | 6070 | 2000 | |
| 85 | बुढ़ाना | 88ग | 1.960 | 9800 | 2000 | |
| 86 | अन्दारायपुर | 557 | 1.536 | 7680 | 2000 | |
| 87 | अन्दारायपुर | 705 | 1.195 | 5975 | 2000 | |
| 88 | अन्दारायपुर | 939 | 1.777 | 8885 | 2000 | |
| 89 | अन्दारायपुर | 539 | 1.536 | 7680 | 2000 | |
| 90 | लेडुआ | 367ख | 1.092 | 5460 | 2000 | |
| 91 | श्रीरामपुर | 191 | 2.013 | 20130 | 2000 | |
| 92 | कटसारी | 893 | 0.417 | 4170 | 2000 | |
| 93 | कटसारी | 895 | 0.455 | 4550 | 2000 | दिनाक 05.08. 2025 दिन मंगलवार |
| 94 | अमरेथू डढ़िया | 637क | 2.099 | 20990 | 2000 | |
| 95 | लोसढ़ा | 264 | 2.036 | 20360 | 2000 | |
| 96 | पतारखास | 692घ | 2.0360 | 10180 | 2000 | |
| 97 | अमरेथू डढ़िया | 494डमि | 2.887 | 28870 | 2000 | |
| 98 | मीरपुर प्रतापपुर | 2544 | 2.225 | 11125 | 2000 | |
| 99 | हाजीपुर बीरी | 1155क | 3.349 | 33490 | 2000 | |
| 100 | अमरेथू डढ़िया | 485ग | 5.015 | 50150 | 2000 | |
| 101 | मीरपुर प्रतापपुर | 1851 | 4.842 | 24210 | 2000 | |
| 102 | घाटमपुर | 352अ | 5.9120 | 29560 | 2000 | |
| 103 | रूपईपुर | 115च | 6.8860 | 34430 | 2000 | |
| 104 | मीरपुर प्रतापपुर | 1654 | 11.698 | 58490 | 2000 | |
| 105 | मखदूमपुरकलां | 800तमि | 7.575 | 75750 | 2000 | |
| 106 | कैमासपुर | 238ख | 3.250 | 32500 | 2000 | |
| 107 | पोखरदहां | 284क | 2.276 | 22760 | 2000 | |
| 108 | डोमापुर | 1504ख | 2.760 | 27600 | 2000 | |
| 109 | खानपुर कलां | 1ख | 2.3010 | 11505 | 2000 | |
| 110 | हरपुर | 265छ | 2.3170 | 11585 | 2000 | |
| 111 | हरपुर | 263 | 2.3170 | 11585 | 2000 | |
| 112 | कूहीं डढ़िया | 153 | 2.124 | 21240 | 2000 | |
| 113 | कूहीं डढ़िया | 165 | 3.443 | 34430 | 2000 | |
| 114 | मझगवां | 522मि | 3.035 | 30350 | 2000 | |
| 115 | वारी | 1278 | 3.035 | 30350 | 2000 | दिनाक 05.08. 2025 दिन मंगलवार |
| 116 | हरपुर | 260ख | 14.7000 | 73500 | 2000 | |
| 117 | रूपईपुर | 114ग | 17.4770 | 87385 | 2000 | |
| 118 | मझगवां | 611 | 12.824 | 128240 | 2000 | |
| 119 | कटघरापट्टी | 589 | 21.74 | 217400 | 2000 | |
| 120 | कटघरापट्टी | 589 | 21.074 | 210740 | 2000 | |
| 121 | अमरेमऊ | 165य | 29.522 | 295220 | 2000 | |
| 122 | मलिकपुर नोनरा | 1681फ | 58.136 | 581360 | 2000 | |
| 123 | सिजिलपुर | 709मि | 22.900 | 229000 | 2000 | |
| 124 | भरथुआ | 589 | 21.074 | 210740 | 2000 | |
| 125 | सहतपुर | 261 | 24.295 | 242950 | 2000 | |
| 126 | डोमापुर | 1113क | 53.893 | 538930 | 2000 | |
| | योग | 126 किता | 443.47 | 3773485 | 252000 | |

मा0 उच्च न्यायालय के सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या–39500/2014 श्रीमती कौशिल्या देवी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य एवं सिविज मिस पिटीशन संख्या–41084/2014 शंकर बनाम उ0प्र0 रात्य व अन्य में पारित आदेशों के अनुपालन में नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र (विज्ञापन की तिथि से 6 (छः) माह पुराना न हो) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1. नीलामी प्रक्रिया के बोली की पात्रता की शर्ते (यथा संशोधित) शासनादेश संख्या–3736/1–2–1995 रा–2 दिनांक 17.10.1995 के अनुरूप होगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. राजस्व संहिता नियमावली 2006 के निमय 57/58 के अनुसार 2 हे0 के कम क्षेत्रफल वाले तालाब पट्टा नीलामी की न्यनतम धनराशि 2000रू0 प्रति एकड़ (5000 प्रति हेक्टेयर) प्रति वर्ष तथा 2 हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि 4000रू0 प्रति एकड़ (10000 प्रति हेक्टेयर) प्रति वर्ष निर्धारित है।
3. पट्टे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्टार कानूनगो कार्यालय तहसील कादीपुर में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. विज्ञापन में सम्मिलित गाटों का यदि किसी व्यक्ति के नाम आवंटन पूर्व से पाया जाता है तो वह नीलामी तिथि से पूर्व जमा लगान आदि अभिलेखों के साथ कार्यालय में सूचित कर सकता है। ऐसे नम्बरान की नीलामी नहीं की जायेगी।
5. मत्स्य पालन के इच्छुक व्यक्तियों/मत्स्य पालक समितियों के अध्यक्ष/सचिव/सदस्यों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापित/प्रकाशित गाटा संख्याओं के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर लें अथवा क्षेत्रीय लेखपाल से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर लें कि सम्बन्धित गाटा सं0 आवंटन योग्य है अथवा नहीं। आवंटन योग्य होने पर शिविर में आवेदन करें। आवंटन/नीलामी के उपरान्त किसी व्यक्ति का उक्त सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. परिषदादेश सं0–आर–544/जी–5–9डी/2022(3) मत्स्य पालन दिनांक 10.07.2023 के प्रस्तर–3 के अनुसार उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली–2016 के नियम–57 (11) में उल्लिखित आवंटन विलेख आर0सी0 प्रपत्र 15 के अनुसार नीलामी के वार्षिक लगान की धनराशि प्रत्येक वर्ष 30 जून के पूर्व अदा करेगा और प्रथम वर्ष का किराया एक मुश्त 1/4 भाग नीलामी के समय तथा 3/4 भाग 15 दिन के अन्दर जमा करेगा। द्वितीय अथवा अगले वर्षों हेतु किराये की धनराशि का 1/4 भाग कृषि वर्ष की प्रथम तिमाही अर्थात जुलाई–सितम्बर के मध्य एवं शेष 3/4 भाग दूसरी तिमाही अर्थात अक्टूबर–दिसम्बर के मध्य जमा करना होगा।
7. नीलामी/पट्टा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय उपजिलाधिकारी कादीपुर सुलतानपुर में निहित होगा।
8. उपरोक्त नीलामी तिथि में जो तालाब अवशेष रह जाते है उनकी नीलामी उक्त विज्ञापन के अनुसार दिनांक 06.08.2025 व इसके उपरान्त भी शेष रहे तालाबों की नीलामी दिनांक 08.08.2025 को पुनः की जायेगी।

**(उत्तम कुमार तिवारी)**
**उप जिलाधिकारी**
**कादीपुर, सुलतानपुर**

**UP-235331 दिनांक 26.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

# किसानों को अब आसानी से मिल रही खाद: संयुक्त निबंधक

**राहत की खबर**

- संयुक्त आयुक्त ने साधन सहकारी समिति शोरा भवन का किया उद्घाटन

संवाददाता, हरचंदपुर, रायबरेली



संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक दीपक सिंह का स्वागत करते लोग।

**अमृत विचार।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी पैक्स) शोरा हरचंदपुर के जीर्णोद्धारित भवन का उद्घाटन संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक दीपक सिंह ने किया। इस दौरान उनके साथ में डीआर कॉपरेटिव रत्नाकर सिंह भी मौजूद रहे। संयुक्त सचिव ने कहा कि वर्तमान में किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले लंबी-लंबी लाइन लगानी पड़ती थी। अब ऐसा नहीं है।

हरचंदपुर क्षेत्र में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण साधन सहकारी समिति शोरा में लंबे अंतराल के बाद नए स्वरूप में कार्य शुरू कर दिया है। समिति की नवनिर्मित बिल्डिंग में अब किसानों के लिए खाद वितरण की सुविधा शुरू हो गई है, जिससे क्षेत्र के किसानों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इससे पहले अतिथियों का एआर कॉपरेटिव रामसागर चौरसिया, जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक बृजेश विश्वकर्मा, समिति के सचिव देवेंद्र सिंह उर्फ बबलू, जिला पंचायत सदस्य और बैंक डायरेक्टर राघवेंद्र बहादुर सिंह ने स्वागत किया। अजमतउल्लागंज प्रधान रण बहादुर सिंह, चौहनिया प्रधान धर्मेश लोधी, शोरा प्रधान अतुल कुमार, राजेश पाल, हीरालाल यादव, गुरु प्रसाद चौधरी, गुलुपुर पूर्व प्रधान रामेश्वर यादव, विद्या यादव, किसान यूनियन के नेता राम कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह, शिव बहादुर मौर्य ने इसे किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि अब किसानों को खाद और अन्य कृषि सामग्री के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इस मौके पर बी पैक्स शोरा समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार चौधरी, भाजपा मीडिया प्रभारी विजय बाजपेयी, विश्व प्रकाश पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजी श्रीवास्तव, सदस्य शांति देवी शिवराज सिंह, गुरुप्रसाद, शैल कुमारी, चंद्रभूषण, बिंदा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### 35 साल बाद मिला नया भवन

साधन सहकारी समिति शोरा का भवन लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिसके कारण किसानों को खाद और अन्य कृषि सामग्री प्राप्त करने में कठिनाई होती थी। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र बहादुर सिंह के अथक प्रयासों और नेतृत्व में भवन का पुनर्निर्माण संभव हो सका। नये भवन के निर्माण से न केवल समिति की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।

### 10 लाख की मदद का भरोसा

उद्घाटन समारोह में संयुक्त आयुक्त दीपक सिंह ने समिति के विकास के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां किसानों की आर्थिक उन्नति का आधार हैं। शोरा समिति के पुनरुद्धार से क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ होगा। मैं इस समिति के और बेहतर विकास के लिए मंत्री जी से 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की मांग करूंगा। इस घोषणा से उपस्थित किसानों और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत

## बरसात ने नगरवासियों को दी मुसीबत तो किसानों को मिली संजीवनी, जगह-जगह हुआ जलभराव

**35** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**30** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान



बारिश में भीगती हुई जाती छात्रा।



बारिश में हुए जलभराव के बीच निकलती कार।



बारिश में भीगते बच्चे।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को शुरू हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। वहीं किसानों के चेहरों पर खुशी के भाव साफ देखे जा रहे थे। बारिश के कारण किसानों को धान की पौध डालने और उसे तैयार करने में पानी की कमी नहीं खलेगी। बारिश के चलते किसानों ने धान की रोपाई के लिए खेतों में पलेवा लगाकर तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिससे धान की रोपाई कर अगैती फसल ली जा सके।

लगभग एक घंटा तक हुई झमाझम बारिश ने 'नाला-नाली' सफाई अभियान को तार-तार कर दिया। शहर के प्रमुख बाजार कैपरगंज में नाले-नालियों के सफाई के अभाव में जलभराव हो गया। ग्राहकों के साथ-साथ दुकानदारों को भी जलभराव के बीच से आना जाना पड़ा। यही नहीं चौराहे पर जलभराव के चलते एक साउंड सर्विस की दुकान के साथ कई दुकानों में पानी अंदर तक घुस गया, जिससे दुकानदारों का सामान भीग गया। मिलन सिनेमा के निकट लगभग 20 मीटर में इतना पानी भर गया कि बरसात के उपरांत उसे निकलने में काफी समय लगा। जलभराव के चलते लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हुई। बारिश ने मलिकमऊ रोड पर भी अपना दबदबा कायम रखा। प्रभुटाउन गेट के निकट से लोहिया कोठी तक काफी जलभराव हो गया था, जिससे होकर लोगों को आते-जाते देखा गया। इसके अलावां शहर के जिला अस्पताल परिसर, तहसील, कलेक्ट्रेट, डिग्री कालेज चौराहा, इंदिरा नगर, किला बाजार, घसियारी मंडी, शक्ति नगर, रतापुर, एकता बिहार कालोनी, सिविल लाइन, राजकीय कालोनी, पुलिस लाइन कालोनी सहित अन्य जगहों पर जलभराव नजर आया। यह बारिश भले ही नगरवासियों के लिए मुसीबत लेकर आई, लेकिन इससे किसानों को काफी राहत मिली है। इससे जगह-जगह नहरों में पानी न आने को लेकर चिंतित किसानों की परेशानी कम होती नजर आ रही है।

शनिवार को हुई झमाझम बारिश धान की नर्सरी में संजीवनी का काम करेगी। धान की पौध तैयार होने से न सिर्फ धान की रोपाई होगी, बल्कि किसानों की इससे दोगुनी ताकत भी मिलेगी।



स्कूटी घसीट कर ले जाती युवती।

### घरों में घुसा पानी, रास्तों पर जलजमाव से लोग घरों में हुए कैद



बारिश से गांवों के रास्तों में हुआ जलजमाव।

**डलमऊ, रायबरेली।** शनिवार दोपहर में हुई झमाझम बारिश से जहां किसानों को राहत मिली वहीं पर तहसील क्षेत्र के सुरसना गांव में लोगों के घरों में पानी घुस गया रास्तों में जल जमाव की वजह से लोग घरों में कैद हो गए। गांव की सरिता, मीना, संगीता ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से झुग्गी झोपड़ी में गुजर बसर कर रहे हैं। बारिश के बाद पानी घरों में घुस गया आने जाने वाले रास्तों में जल भराव से घरों से निकलना मुश्किल हो गया। जयश्री, मोहनलाल, रामसरन, राजाराम, महेश ने बताया कि तालाब से जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। तेज बारिश से तालाब लबालब भर जाता है।

## गंगा के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी प्रशासन सतर्क

**ऊंचाहार, रायबरेली अमृत विचार।** ग्रीष्म ऋतु के कारण लगातार घट रहे गंगा नदी में जल की रौनक लौटना शुरू हो गई है। पहाड़ी और मैदानी भागों में मानसून की सक्रियता का असर गंगा नदी में नजर आने लगा है। बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर करीब तीन फिट बढ़ गया है। वहीं जलस्तर बढ़ने के साथ ही प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

बीते तीन माह से लगातार गंगा नदी में जल घट रहा था। गर्मी के कारण गंगा नदी में पानी कम हो रहा था। हालात यह हो गए थे कि लोग आसानी से पानी से होकर पार कर लेते थे। इधर पहाड़ी और मैदानी भागों में मानसून सक्रिय हुआ और कहीं हल्की तो कही भारी बरसात हुई। जिसका असर यह हुआ कि गंगा में जलस्तर बढ़ने लगा। क्षेत्र के गंगा तट गोकना, गोला घाट, पूरे तीर, बादशाहपुर आदि में जल की बढ़ोत्तरी नजर आने लगी है। गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी बताते है कि शुक्रवार शाम को गंगा में जल सामान्य था। शनिवार की प्रातः जब लोग गंगा स्नान के लिए पहुंचे तो जलस्तर काफी बढ़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि करीब तीन फिट तक गंगा नदी का जल ऊपर की ओर बढ़ा है और मध्य रेत में उगी झाड़ियों व घास जलस्तर बढ़ने से डूबने लगी है। हालांकि जिलाधिकारी के निर्देश पर बाढ़ नियंत्रण को लेकर स्थानीय टीम भी सतर्क है।

# अवैध प्लॉटिंग पर गरजा बुलडोजर, मचा हड़कंप

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर में इन दिनों प्लाटिंग का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। इसमें अधिकांश अवैध हैं। कई बार लोगों ने शिकायत की। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। डीएम हर्षिता माथुर की सख्ती के बाद रायबरेली विकास प्राधिकरण ने अभियान चलाकर कई अवैध प्लाटिंगों में हुए निर्माणों को ध्वस्त किया। साथ दोबारा प्लाटिंग करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

शनिवार को रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध रूप से की गयी प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। मिल एरिया पुलिस के साथ प्राधिकरण टीम ने जोन दो के देवानन्दपुर में गाटा संख्या-214 व 215 क्षेत्रफल लगभग तीन बीघा जमीन से प्लाटिंग के चिन्हांकन को हटवाया। एक्सईएन एम. अहमद ने बताया कि रावेन्द्र सोनकर, धर्मेन्द्र सोनकर, श्यामलाल एवं भोला द्वारा अवैध प्लाटिंग की गई थी। इसी तरह देवानन्दपुर के गाटा संख्या-203 क्षेत्रफल लगभग 2.5 बीघा पर देवकी नन्दन श्रीवास्तव, सूरज सोनकर एवं आमिर द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आगे भी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रहेगी।

## 20 बकायदारों के काटे बिजली कनेक्शन

**जगतपुर, रायबरेली।** जगतपुर कस्बे में चेकिंग अभियान चलाकर 20 बकायदारों के कनेक्शन काटे गए। अभियान अधिशासी अभियंता धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। इस मौके पर उपखंड अधिकारी विशाल सिंह कुशवाहा, अवर अभियंता चंद्रेश पटेल सहित संविदा कर्मी मौजूद रहे।

**विद्यालय में लाखों की चोरी: डीह, रायबरेली।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डीह द्वितीय बाबा गलथरेश्वर शिव मंदिर के पास बरात घर में संचालित है। शुक्रवार की रात चोरों ने भवन का ताला तोड़कर स्मार्ट टीवी, कुर्सी, एमडीएम के बर्तन आदि चुरा ले गए। सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो मामले की जानकारी हुई।

# दीवान तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



ऊंचाहार के दीवान तालाब की सफाई करती जेसीबी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के मध्य में स्थित ऊंचाहार के दीवान तालाब के अब अच्छे दिन आएंगे। नगर पंचायत इसका सौंदर्यीकरण कराएगा। इसके लिए शासन ने धनराशि स्वीकृत कर दी है। साथ ही तालाब पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया जाएगा।

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग के किनारे स्थित ऊंचाहार का दीवान तालाब अब नगर वासियों के टहलने के लिए मुफीद स्थान बनने जा रहा है। नगर पंचायत इसका संपूर्ण सौंदर्यीकरण कराएगा। शनिवार को राजस्व टीम ने इसकी नाप की और इस पर अवैध कब्जा हटाने के की रूपरेखा तय की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल ने बताया कि शासन से इस तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक किस्त जारी की है। इससे पूर्व भी इसके सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि आई थी, जिसमें पूर्ण कार्य नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि फिलहाल तालाब की सफाई और इसकी मेड़बंदी करके तालाब का रकबा सुरक्षित किया जाएगा। इसके बाद इसकी बाउंड्री और इसके किनारे इंटरलॉकिंग लगाई जाएगी, जिससे नगर के लिए यहां टहल सकें। इसके साथ ही तालाब के किनारे बैठने की व्यवस्था के साथ हरे फूलदार वृक्ष भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार से इसकी सफाई का काम जेसीबी द्वारा कराया जा रहा है।

**मनाया मातम** | पहली मोहर्रम का मातमी जुलूस इमामबाड़ा मीर वाजिद अली में संपन्न

# छाया है भयानक सन्नाटा, खैमों में अजब वीरानी है...

संवाददाता, रायबरेली



पहली मोहर्रम पर मातमी जुलूस में शामिल लोग। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार से मोहर्रम का आगाज़ हो गया। शिया समुदाय दो माह आठ दिन तक क़र्बला के शहीदों का गम मातम मजलिस कर के मनाते हैं। इसी सिलसिले से शुक्रवार की सुबह से शहर के अज़ाखानो में मातम मजलिस का दौर शुरू हो गया। रात्रि लगभग नौ बजे जहानाबाद स्थित स्व. इरशाद वकील के घर के बहार से अंजुमन सज्जादिया रजि. रायबरेली की सरपरस्ती में पहली मोहर्रम का मातमी जुलूस शान शौक़त और अक़ीदत के साथ बरामद हुआ, जिसमें अलम ताज़िया के साये में अंजुमन दस्ता ए ज़ैनुल एबा रजिस्टर्ड रायबरेली के नौहख्वानों के नौहों पर बुज़ुर्गों, नौजवानों, बच्चों ने नौहों पर सीनाज़नी कर अपने इमाम को पुरसा पेश किया।

जूलूस में हसन, साजिद जाफरी, रिज़वान हैदर, जौहर नक़वी, शान ज़ैदी, फ़राज़ अल्वी समेत अन्य ने की। जुलूस अपने क़दीमी रास्तों जहानाबाद, अली मियां चौक, खिन्नीतला, जोशियाना पुल होता हुआ खालिसहाट स्थित इमामबारगाह वक़्फ़ मीर वाजिद अली मे संपन्न हुआ। बाद जुलूस उक्त इमामबारगाह में एक मजलिस हुई, जिसे जनाब ऐजाज़ अस्करी साहब ने मर्सिया पढ़कर ख़िताब किया। उन्होंने कर्बला में हुए ज़ुल्मों और क़ुर्बानियों का ज़िक्र किया जो अस्ल इस्लाम और इंसानियत की हिफाज़त के लिए इमाम हुसैन ने खुदा का शुक्र करते हुए दी। बाद मजलिस मुतवल्ली वक़्फ़ मीर वाजिद अली एवं आयोजक अली सरवर नकवी (मीसम) ने बताया कि जुलूस में अंजुमन सज्जादिया रजि. सिकंदर ज़ैदी महासचिव, मोहम्मद हसन बिलग्रामी सेक्रेटरी अज़ा, इमरान रज़ा, दिलशाद नक़वी मीडिया प्रभारी, हसन रायबरेलवी, यादगार काज़मी, सफी अब्बास नक़वी, नय्यर नक़वी, नासिर मेहंदी, इं. ताजदार नक़वी, जायर हुसैन रिज़वी, लख़्ते जाफर, एडवोकेट अकबर अली, अख्तर रायबरेलवी, शावेज़ अली, रज़ा मेहंदी, इरफ़ान ज़ैदी, मुकर्रम नक़वी, अश्तर नक़वी, नासिर मेहंदी, शाहकार रिज़वी, सय्यद वसी नक़वी, रज़ा अब्बास, सलमान नक़वी, बिलाल नक़वी आदि मौजूद रहे।

### आतंकवाद के विरुद्ध हुसैन ने किया था जंग का ऐलान

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मोहर्रम के दूसरे दिन भी मजलिसे हुई, जिसमें कर्बला के शहीदों को नमन करते हुए वहां की घटनाओं और जालिम के जुल्म को बयां किया गया। शनिवार को बड़े इमामबाड़े में मुस्लिम वक्ताओं ने कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत को आतंकवाद के विरुद्ध दुनिया की पहली जंग बताया। मौलाना हसनैन मुस्तफाबादी ने कहा कि करीब 14 सौ साल पहले इस्लाम के नाम पर आतंक और जुल्म ढाने वाले यजीद के खिलाफ हज़रत इमाम हुसैन ने आवाज बुलंद की और इस्लाम व इंसानियत की रक्षा के लिए कुर्बानी देकर दुनिया में मिसाल कायम की है। आतंक के विरुद्ध यह दुनिया की पहली जंग थी। ओवैसी नकवी ने कहा कि आज पूरी दुनिया हुसैन के रास्ते पर चल रही है, जबकि जालिम यजीद का कोई नाम लेने वाला नहीं है। इस मौके पर असद नकवी, अजहर अब्बास नकवी, मो अनस, शाजू नकवी, अर्श नकवी, सरकार नक़वी, अनवर हुसैन, आदिल नक़वी, अमन मेहंदी, सुहैल नक़वी मुन्ना, मोहम्मद, रफीक हुसैन, रिक्कू आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बैसवारा कॉलेज में बीएससी के छात्रों ने लहराया परचम



परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थी।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा महाविद्यालय में बीएससी के छात्र एवं छात्राओं ने छठवें सेमेस्टर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। यह जानकारी प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि इस बार का परीक्षा परिणाम बहुत ही बेहतर रहा है। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में बैसवारा महाविद्यालय नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बीएससी छठवें सेमेस्टर की छात्रा अनामिका यादव एवं श्वेता यादव ने 87 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। अंशिका यादव ने 86 प्रतिशत, प्रिया श्रीवास्तव और मंदाकिनी ने 85-85 प्रतिशत अंक प्राप्त कि/S। इसी तरह तनु, आशीष, प्रेरणा, कृति, महिमा चौरसिया ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि बैसवारा महाविद्यालय वर्तमान में रायबरेली जिले का एकमात्र महाविद्यालय है जो कि नैक द्वारा प्रत्यायित है। उत्तर प्रदेश शासन में वर्ष 2025-26 में नैक द्वारा प्रत्यायित महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ही 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति का लाभ मिलने की बात कही है।

### आकाशीय बिजली से महिला व मवेशी की मौत

**रायबरेली।** गुरूबख्शगंज थाने की अटौरा बुजुर्ग चौकी क्षेत्र के पूरे दुर्जन मजरे सुल्तानपुर खेड़ा गांव की रहने वाली मधु पत्नी गजराज (45) वर्ष शनिवार को जानवर चराने के लिए खेतों की तरफ गई हुई थी। दोपहर बाद तेज हवा व गड़गड़ाहट की साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट आ गई। परिजन मधु को लेकर सीएचसी जतुआ टप्पा ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत की सूचना सीएचसी जतुआ टप्पा द्वारा दिया गया है। शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। खीरों प्रतिनिधि के अनुसार, शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश के दौरान मुड़ियनखेड़ा मजरे हरदी में आकाशीय बिजली किसान प्रेमचंद्र यादव की एक भैंस की मौत हो गई। किसान प्रेमचंद्र यादव ने बताया कि उसके मवेशी गांव के किनारे जामुन के पेड़ के नीचे बंधे थे।

### प्रसूता मौत मामले की जांच शुरू



हास्पिटल में जांच करते एसीएमओ।

**सलोन, रायबरेली।** निजी हॉस्पिटल में प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग ने तीन दिन बाद शुरू की है। अस्पताल पहुंचे जांच अधिकारी एसीएमओ अम्बिका प्रसाद ने अस्पताल की व्यवस्थाएं देखी। इसके बाद डॉक्टरों के बयान बंद कमरे में लिया। हालांकि कुछ भी बताने से से इन्कार किया। कस्बे के निजी हॉस्पिटल में गुरुवार की सुबह ललापुर निवासी प्रसूता की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि डॉक्टरों की लापरवाही से उनकी बेटी की ऑपरेशन से डिलेवरी के बाद जान चली गई।

### 128 विद्यालयों पर संकट, पेयरिंग की तैयारी



बैठक में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** शासन के निर्देश के बाद क्षेत्र के 128 परिषदीय विद्यालयों पर संकट गहराने लगा है। खंड शिक्षा अधिकारी बीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में संसाधनों के भरपूर उपयोग के उद्देश्य से एक जुलाई से पेयरिंग की व्यवस्था की जा रही है। इससे मिडडे मील व शिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि विकास खंड में पेयरिंग के जद में 128 विद्यालय आ रहे हैं। फिलहाल 10 विद्यालयों को चयनित किया गया है। इसमें गुलालपुर प्राथमिक विद्यालय को सरेनी में,, विंनावा को रहीमखेड़ा,, रनापुर को विशायकपुर,, सोमवंशी खेड़ा को डूडी,, अलीपुर को सरायखाड़े, गुरुदत्तखेड़ा को दत्ताखेड़ा, छिवलहा नवीन को छिवलहा,, पंडित का पुरवा को सरायखाण्डे और पाठकखेड़ा को मदनापुर से जोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया है कि शेष विद्यालयों के चयन का काम भी शुरू है। 50 छात्रों से कम संख्या वाले सभी विद्यालयों का समीप के विद्यालयों में मर्जर किया जायेगा।

### संचारी रोगों से बचने के लिए साफ-सफाई जरूरी

**सरेनी, रायबरेली अमृत विचार।** जुलाई से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने अपने अधीनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मौसम बदल रहा है। ऐसे में संक्रामक रोग की संभावना बढ़ जाती है। आगामी एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी को युद्धस्तर पर मेहनत करने की जरूरत है। बीडीओ ने सभी सफाई कर्मियों को चेतावनी दी कि लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी। सीएचसी अधीक्षक राजेश गौतम ने सभी को नालियों में लार्वा को नष्ट करने के लिये दवा का छिड़काव करने को कहा। गांव की गलियां व नालियां जितनी साफ रहेंगी, कीटाणु उतनी ही दूर रहेंगे। इस अवसर पर रोहित कुमार, रामाशीष, सत्येन्द्र मिश्रा, हरे राम, अजय सिंह, धर्मेन्द्र, सुरेंद्र, सुशील, सुनील, राकेश, संजय, सर्वेश, जितेन्द्र सिंह, पुतानी साहू, रामफेर सिंह आदि मौजूद रहे।

### सफाई कर्मियों को वर्दी और सुरक्षा उपकरण वितरित



किट प्रदान करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत लालगंज प्रशासन के द्वारा सफाई कर्मियों की समस्याओं का समाधान किया है। नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने शनिवार को सफाई कर्मचारियों को वर्दी और सुरक्षा उपकरण वितरित किए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को वर्दी, सेफ्टी बूट और अन्य सुरक्षा उपकरण दिए है। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर दीपेंद्र कुमार गुप्ता ने सफाई कर्मचारियों को समय से और गुणवत्ता पूर्वक सफाई कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लालगंज के सफाई कर्मी पूरे नगर की सफाई के लिए लगातार काम करते हैं। इनके प्रयासों से लालगंज नगर स्वच्छ और सुंदर बना रहता है। इस मौके पर लिपिक वीरेंद्र कुमार यादव, मनोज कुमार दीक्षित, शिव शंकर मिश्रा के अलावा सभासद जीतू सिंह, अतुल कुमार शर्मा और राकेश कुमार, अंकुश धानुक, संजू सोनी, रामकरन आदि उपस्थित रहे।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष बने अरूण




द्विवार्षिक अधिवेशन में चयनित पदाधिकारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ रायबरेली की जिला इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन फील्ड हास्टल लोक निर्माण विभाग में आयोजित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष इं. एचएन मिश्र रहे। निर्वाचन अधिकारी महासंघ मण्डल लखनऊ के मण्डल अध्यक्ष इं. राजर्षि त्रिपाठी, मण्डल सचिव इं. प्रदीप कुमार शुक्ला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. भानु प्रताप सिंह निरंजन की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सर्वसम्मति से इं. अरूण प्रताप सिंह जनपद अध्यक्ष ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, इं. गोविन्द मोहन तिवारी जनपद उपाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग, इं. जितेन्द्र कुमार जनपद सचिव लोक निर्माण विभाग, इं. राजीव कुशवाहा जनपद संगठन सचिव ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, इं. धर्मेन्द्र मौर्या जनपद वित्त सचिव सिंचाई विभाग, इं. अजय कुमार जनपद प्रचार सचिव सिंचाई विभाग (वि./ यॉ.) को चुना गया। मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# सृजन से लोकमंगल



लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है।

**हृदय नारायण दीक्षित**
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है।

सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष है। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

# नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा



**शिशिर शुक्ला**
असिस्टेंट प्रोफेसर

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ पत्रकार

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।



आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

# जगन्नाथ रथ: प्रेम और शांति का संदेश





**शंभुनाथ**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।

यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

# ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार



**प्रो.एच.सी.पुरोहित**
दून विश्वविद्यालय

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!



**अमित बैजनाथ गर्ग**
वरिष्ठ पत्रकार

अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## सार-संक्षेप

### 5 सर्वाधिक करदाताओं को किया गया सम्मानित



व्यापारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते विधायक एवं डीएम।

**अमेठी अमृत विचार।** दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को तहसील गौरीगंज सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के पाँच सर्वाधिक करदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान एवं ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर व भामाशाह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यापारियों को संबोधित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और व्यापारियों ने ध्यानपूर्वक सुना और सराहा। सम्मानित किए गए करदाता संस्थानों में एसएलएमजी बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड, सैनिक मोटर्स, गंगा बैग उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, महोना ट्रेडर्स व कप्तान ट्रेडर्स शामिल हैं। इनके प्रतिनिधियों को विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक सुरेश पासी ने व्यापारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भी देश या प्रदेश पर कोई संकट आता है, व्यापारी वर्ग सबसे पहले आगे आकर सहयोग करता है। उनके द्वारा दिए गए टैक्स से ही सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर पाती है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि किसी भी शासन व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है, और यह संसाधन करदाताओं के सहयोग से ही संभव होते हैं। आज के व्यापारी भामाशाह की भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर जीएसटी अशोक गुप्ता, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी व व्यापारी गण मौजूद रहे।

### वृद्ध की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

**कमरौली अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के राजखेता मजरे पलिया पश्चिम गांव में शनिवार को भगवानदीन (65) शनिवार दोपहर गांव के ही परमानंद के खेत में मेड़बंदी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। भगवानदीन की बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशासन की ओर से आपदा राहत कोष के तहत मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बैलेट से हो मतदान तो बसपा होगी सत्ता में

अमेठी अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने शनिवार को बड़गांव में कार्यकर्ता बैठक कर सेक्टर और बूथ कमेटियों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अंजू पाल और सुरेश कुमार पाल ने अपना दल-एस छोड़कर समर्थकों के साथ बसपा का झंडा थामा। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने सम्मानपूर्वक उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बसपा ही एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जिसने भाईचारा कायम करके देश के सभी राज्यों में संगठन का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि बसपा ने ईवीएम के विरोध में देशव्यापी आंदोलन किया था। जिस दिन ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान शुरू हो जाएगा, बसपा को सत्ता में आने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। बैठक में मंडल प्रभारी शिवराम कोरी, बद्री प्रसाद प्रजापति, जिला प्रभारी अरुण कुमार गौतम, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बैठक में धर्म रक्षा बंधन का दिया संदेश

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण समन्वय विभाग की प्रांत बैठक आयोजित हुई। प्रांत बैठक में संघ के संगठनात्मक 22 जिलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रथम सत्र की बैठक में प्रांत प्रमुख सुरेंद्र ने कार्यकर्ताओं को धर्म रक्षा बंधन, बलिदान दिवस और भारत माता पूजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि इन कार्यक्रमों को निश्चित तौर पर हम लोगों को करना है। साथ ही हिंदू बढ़ाओ, धर्मांतरण रोको और घर वापसी पर भी कार्य करने पर बल दिया गया। धर्म जागरण क्षेत्र प्रमुख अभय ने दूसरे सत्र की बैठक लेते हुए प्रांत अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों से अवगत कराया और संस्कृति ,विधि, प्रशासनिक, निधि और परियोजना आयाम के कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को दायित्व के अनुसार कार्य करना चाहिए। कार्य करने से ही दायित्व बोध का जागरण होता है। इस मौके पर प्रांत संयोजक आनंद मूर्ति, विभाग संयोजक लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, धर्म जागरण सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला, जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला, जिला सह संस्कृति प्रमुख राजन अवस्थी, रामजी जायसवाल, संजय जायसवाल, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### ठकुराइन खेड़ा में चोरों ने लाखों के जेवरात किए पार

**सेमरी, रायबरेली,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ठकुराइन खेड़ा मजरे बकुलिहा में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त की है जब परिवार के सदस्य अलग-अलग जगह सो रहे थे। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। गांव के शिवशंकर उर्फ बचई पुत्र रामकुमार के घर चोर पीछे की दीवार से चढ़कर सीढ़ी से नीचे उतरे और कमरे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद अलमारी के लॉकर को खंगालते हुए वहां रखे जेवरात और नकदी समेट ली। यही नहीं, बाहर रखे दो बक्सों को भी खेत में ले जाकर उनका ताला तोड़ दिया गया। परिजनों के अनुसार बक्सों में शिवशंकर की पत्नी नन्हकई और पुत्रवधू साधना पत्नी संदीप के कीमती जेवरात तथा 20 हजार रुपये रखे थे। घटना के वक्त शिवशंकर गाँव के बाहर डेरी में सो रहे थे, जबकि बेटा अनिल घर के बरामदे और छोटा बेटा कमरे में सो रहा था। सुबह जब परिजन जागे तो कमरे का टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर घटना की जानकारी हुई। कुछ ही देर बाद गांव के बाहर खेत में टूटे हुए बक्से बरामद हुए। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार की बहू साधना इन दिनों मायके गई हुई हैं, जहां उनकी मां बीमार चल रही हैं। बड़ा बेटा संदीप पंजाब में नौकरी करता है। पीड़ित शिवशंकर के बेटे अनिल ने सेमरी पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें: डीएम

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर रायबरेली के बछरावां में सुनी लोगों की फरियादें

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना बछरावां में थाना दिवस पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस और महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। थाना दिवस में कुल 31 मामले आए, जिसमें से पुलिस विभाग से जुड़े चार मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया। वहीं राजस्व विभाग के 27 मामलों में टीम गठित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस मौके पर एसडीएम महराजगंज सचिन यादव सहित पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



बछरावां में एसपी डा. यशवीर सिंह के साथ शिकायतें सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### 13 शिकायतों में दो का हुआ निस्तारण

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। चंदापुर थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में 13 शिकायतें आईं। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने बताया कि शेष बची शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की टीम बनाकर मौके पर भेजी गयी है। उनका भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान हल्का दरोगा रवि पवार, संतोष कुमार के अलावा राजस्व व संबंधित विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

### 33 मामलों में किसी का नहीं हो सका निस्तारण

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना परिसर में नायब तहसील उमेश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित 32, पुलिस से संबंधित एक मामले आए। इसमें किसी का निस्तारण नहीं हो सका। न्याय की उम्मीद में समाधान दिवस में आए फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय, कानूनगो अजय चौधरी, हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल, शैलेंद्र कुमार, विपिन मौर्य, अनिल चौधरी, अवनीश सिंह, रमेश पटेल, तुषार साहू, शिव प्रसाद मौर्य, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, वीरेंद्र यादव, आशुतोष शर्मा, बाबू सिंह, मुख्य आरक्षी कावेन्द्र सिंह आदि रहे।

### यह थाना है पिकनिक स्पॉट नहीं...



फरियादी को फटकार लगाते एसडीएम।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना दिवस पर एसडीएम ऊंचाहार का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। उनके द्वारा कुछ फरियादियों द्वारा हंसी ठिठोली करने पर नाराजगी जताई जा रही है। साथ ही यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि हंसो खेलो नहीं यह थाना है पिकनिक स्पॉट नहीं, वरना अपने घर जाओ...। मौका जगतपुर थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस का है। एसडीएम फरीद अहमद खान एक-एक करके फरियादियों की समस्याओं को सुन रहे थे। इसी दौरान खड़े कुछ लोग हंसी ठिठोली करते दिखाई दिए। इस पर वह नाराज हो गए। हालांकि उनके सख्त तेवर को देख सभी सकते में आ गए।

## अमेठी में थाना दिवस पर डीएम एसपी ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता, तिलोई अमेठी

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित कराने के उद्देश्य से आज जून के चौथे शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें डीएम संजय चौहान और एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने जायस थाने में शिकायतें सुनीं। डीएम ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों और कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हों या नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण आदि से संबंधित शिकायतें हों उनका तत्काल संज्ञान लें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर पुलिस बल की आवश्यकता हो तो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। डीएम ने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल और कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर लेखपाल और थाना प्रभारी सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी पोषाहार उत्पादन इकाई का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को शहबाजपुर, गौरीगंज स्थित जागृति माइक्रो इंटरप्राइजेज आंगनबाड़ी पोषाहार उत्पादन इकाई का स्थलीय निरीक्षण किया। यह इकाई उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित है और इसका संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन की दैनिक रिपोर्ट डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला से प्राप्त की और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए कि उत्पादित पोषाहार को समय से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचाया जाए ताकि बच्चों और महिलाओं को समय पर पोषण मिल सके। जिलाधिकारी ने उत्पादन इकाई में साफ-सफाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने समूह की महिलाओं से सीधे बातचीत कर उन्हें होने वाले भुगतान व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध भुगतान और सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषाहार निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल की शुद्धता सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



पोषाहार उत्पादन इकाई में निर्देशित करते डीएम। फोटो : अमृत विचार

### 'छात्र परिषद' ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय हेतु गठित छात्र परिषद के छात्र पदाधिकारियों को प्राचार्य द्वारा 'बैज', 'सैस' तथा विद्यालय का ध्वज प्रदान किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के चारों सदनों के चयनित छात्र पदाधिकारियों को सदन अध्यापकों ने बैज, सैस व संबंधित सदन का झंडा प्रदान किया। 'छात्र परिषद' के सभी छात्र पदाधिकारियों को विद्यालय प्राचार्य द्वारा कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई गई। बालिका वर्ग की स्कूल कप्तान रिमझिम श्रीवास्तव ने तथा बालक वर्ग स्कूल कप्तान आदित्य मौर्य ने सभी का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। छात्र परिषद हेतु कप्तान के पद पर बारहवीं के तथा उप कप्तान के पद पर ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को चयनित किया गया। स्कूल कप्तान रिमझिम श्रीवास्तव, आदित्य मौर्य, स्कूल क्रीड़ा कप्तान ख़ुशी रावत, अभय पटेल, सीएलए कप्तान दर्शिका बाजपेयी, रजत प्रकाशन कप्तान योग्यता अनुभव अवस्थी स्कूल उप कप्तान अंशिका रावत, समर्थ बाजपेयी, स्कूल उप क्रीड़ा कप्तान इशिता चौरसिया, दिव्यांश मिश्र तथा स्कूल सीएलए उप कप्तानसुष्मिता को चयनित/ मनोनीत किया गया।

### रजबहा में पानी नहीं, किसानों ने दिया धरना

**महाराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह रजबहा में पानी न आने से आक्रोशित किसान धरने पर बैठ गए। मौके पर चंदापुर थाने की पुलिस एवं सिंचाई विभाग के एई के समझाने एवं तुरंत पानी छोड़ने के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। बताते चले कि धान के फसल की रोपाई का समय चल रहा है ऐसे में पानी की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है परंतु डीह रजबहा में विभाग द्वारा पानी नहीं छोड़ा गया जिससे किसानों की समस्या हो रही थी। मऊ के क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ भोलू सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसान मऊ नहर पुल के पास धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची चंदापुर थाने की पुलिस एवं सिंचाई विभाग के एई अजय कुमार ने किसानों को समझाया और तुरंत पानी छोड़ने का वादा करते हुए धरना समाप्त कराया। इस मौके पर रणविजय सिंह, भानु सिंह, मोहन सिंह, सफीक, राजकुमार सिंह आदि किसानों ने एई को ज्ञापन देते हुए जौनपुर ब्रांच नहर के किनारे उगी झाड़ियों को साफ कराए जाने, मऊ नहर पर टूटे हुए पुल की मरम्मत करने एवं नहर पानी छोड़ने की मांग की। एई अजय कुमार ने बताया कि नहर में पानी तत्काल छोड़ दिया गया है अन्य समस्याओं का जल्द ही निपटारा करा दिया जाएगा।

### झटका मशीन की चपेट में आने से महिला की मौत

**अमेठी, अमृत विचार।** जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव में श्यामवती (58) की झटका मशीन के तार से टकराने से मौत हो गई। घटना बीती रात की है, जब श्यामवती अपने पति समर बहादुर गुप्ता के साथ खेत गई थी। घर लौटते समय श्यामवती का संतुलन बिगड़ गया और वह पड़ोसी सुरेंद्र मिश्रा के खेत में लगे झटका मशीन के तारों पर गिर गई। परिजनों का आरोप है कि जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए लगाई गई झटका मशीन के तार से टकराने से श्यामवती की मौत हुई। इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने पति समर बहादुर गुप्ता की तहरीर पर खेत मालिक सुरेंद्र मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ओवररेटिंग को लेकर उर्वरक व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अपनी मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला की अगुवाई में शनिवार को खाद की ओवररेटिंग से परेशान उर्वरक विक्रेताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया है कि सरकार ने किसानों को खाद की बिक्री के लिए 266.50 रुपए प्रति बोरी का रेट तय किया है। लेकिन कंपनियां उन्हें 242 से 246 रुपए में खाद दे रही हैं। इस पर 30 से 40 रुपए प्रति बोरी ट्रांसपोर्ट का खर्च अलग से आ रहा है। इससे उन्हें नुकसान हो रहा है। जिले में इस समय धान की रोपाई चल रही है। कंपनियां सात बड़े होलसेलर्स के माध्यम से खाद की बिक्री कर रही हैं। छोटे दुकानदार वहां से खाद खरीदकर किसानों को बेचते हैं। जबकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी उर्वरक की आपूर्ति विक्रेता दुकानदार तक पहुँचता होना चाहिए लेकिन कोई कम्पनी तैयार नहीं है और इसके अलावा सभी कम्पनियों द्वारा 40 प्रतिशत की ट्रैटिंग अन्य उत्पाद पर भी जबरन किया जा रहा है। नियम के अनुसार खाद सीधे दुकानदारों तक पहुंचनी चाहिए। पदाधिकारियों ने मांग उठाई है कि कम्पनियों द्वारा थोक विक्रेताओं पर जबरन टैगिंग बन्द की जाय। ताकि फुटकर दुकानदार इस समस्या से निजात पा सकें। कम्पनियों द्वारा दिये जा रहे पुराने किराये को मौजूदा किराये में परिवर्तित कराया जाय।

फुटकर दुकानदारों की भी मार्जिन को बढ़ाया जाय इसके लिए उनके भी खरीद मूल्य को निर्धारित किया जाय। जिससे थोक दुकानदारों की लागत बढ़ती जा रही है। जिसके कारण फुटकर दुकानदारों की खरीद मंहगी होती जा रही है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, महामंत्री राम किशोर त्रिवेदी और संदीप मिश्र समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है




### वर्ग पहेली -15 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी- 09 .14 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

**वृष** — आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

**मिथुन** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कर्क** — आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

**सिंह** — आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या** — आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

**धनु** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन** — आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम **ऋतु**- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 06 .34 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |

### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |

## एक नजर

### पुलिस ने तीन डबल डेकर बसों को किया सीज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार की दोपहर दिल्ली से आने वाली तीन डबल डेकर बसों को अवैध रूप से संचालित होते पाया और उनको सीज कर दिया। शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से संचालित बसों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को पुलिस ने अवैध रूप से संचालित तीन डबल डेकर बसों को कोतवाली के सामने पकड़ा और सीज कर दिया। दिल्ली से बैठकर आई सवारियां नीचे उतार दी गई।

### किसानों के लिए जागरूकता अभियान एक से

**हरदोई, अमृत विचार।** उपनिदेशक कृषि ने बताया है कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान एक जुलाई से चलाया जा रहा है। योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, कीट और रोगों के कारण होने वाले फसल नुकसान की जानकारी देना है।

### खेत से बाइक चोरी

**बघौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंर्तगत भीठा दान निवासी शिवशंकर ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि आज दोपहर में वह गांव के पूरब बाइक से खेत गया था। बाइक कुछ दूरी पर खड़ी करके खेत जोतने चला गया, एक घंटे बाद आया तो बाइक गायब थी।

### बाइक न देने पर दबंगों ने युवक को पीटा, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी में 27 जून की रात युवक को गाली-गलौज कर पीटने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित मोतीलाल के अनुसार उसने शुक्रवार की रात बाइक देने से मना कर दिया। इसी बात पर सौरभ ने अपने भाई चटरू और साथी राममूर्ती के साथ मिलकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। गांव वालों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक को टक्कर मारने पर चालक पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमलापुर में सुबह टहलते समय अज्ञात डीसीएम के चालक द्वारा टक्कर मारकर युवक को घायल करने के मामले में पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित पिता रामसहाय के अनुसार उसका पुत्र रिंकू पाल 9 जून की सुबह अमन पेट्रोल पंप के आगे पैदल टहल रहा था। पाली की ओर से आ रही डीसीएम के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र के टक्कर मार दी। वह घायल पुत्र को सीएचसी ले गया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर किया गया। पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात डीसीएम चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिना नाली बने ही निर्माण के मद में निकल गए 40 हजार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**भ्रष्टाचार**

- शरमा फत्तेपुर शिव गुलाम में प्रधान व सेक्रेटरी विकास कार्यों के नाम पर कर रहे अनियमितता

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बावजूद सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। विकास खण्ड शाहाबाद के गांव शरमा फत्तेपुर में बिना नाली का निर्माण कराये ही कागजों पर काम दिखाकर 40 हजार रुपये का भुगतान करा लिया गया। यहां ग्राम प्रधान दलित आरक्षित सीट से चुना गया है। लेकिन प्रधानी कोई और ही चला रहा है।

ग्राम पंचायत में कागजों पर तो खूब विकास कार्य हुए हैं लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। उदाहरण के तौर देखा जाये तो अभिलेखों में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कंस्ट्रक्शन ऑफ कम्युनिटी सेनेटरी काम्प्लेक्स के नाम से काम दर्ज कराया गया, जिसकी वर्क आईडी 68312381 है। इसी वर्क आईडी में श्रवण के मकान से अलेला पुलिया तक यू टाइप नाली निर्माण होना दर्शाया गया है। जिसमें 40 हजार 83 रुपया का मटेरियल राजपूत ट्रेडर्स से खरीदा गया। जिसका भुगतान 18 मार्च 2024 को वाउचर संख्या एक्सवीएफसी /2023-24 /पी /54 से किया गया। इसी के साथ वाउचर संख्या एक्सवीएफसी /2023-24 / पी /56 दिनांक 18 मार्च 2024 को बबलू को मजदूरी 17,250 रूपये का भुगतान होना दर्शाया गया है। इसी प्रकार वाउचर संख्या एक्सवीएफसी /2023-24 /पी /56 18 मार्च 2024 को मिस्त्री भुगतान अवध किशोर को 11,700 रुपया का भुगतान किया गया है। जबकि नाली निर्माण हुआ ही नहीं है। जिस नाली निर्माण के नाम पर पैसा का भुगतान कराया गया है, वह कच्ची नाली बदहाल पड़ी है।



यही नाली बनी दिखाकर निकाला गया रुपया। अमृत विचार

गांव निवासी रंजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है। विकास कार्य के नाम पर कागजी घोड़े ही दौड़ाये गये हैं। इसके अलावा अभिलेखों में इस ग्राम पंचायत में पेयजल के लिए बड़े प्रयास किये जाने की बात कही गयी है। नल मरम्मत, रिबोर, नये नये पानी के सोर्स बनाये गये है। जिसमें ग्राम निधि की बड़ी रकम खर्च करने के प्रमाण मौजूद है। लेकिन गांव निवासी संदीप सिंह ने बताया कि गोपी सिंह के मकान के सामने स्थापित नल पिछले तीन सालों से खराब पड़ा है। इसी प्रकार सागर के मकान के सामने का नल भी तीन साल से खराब पड़ा है। ऐसे में पेयजल आपूर्ति पर लाखों का खर्च भी कागजों में होना प्रतीत होता है। मजे की बात तो यह है कि ब्लॉक और जिला मुख्यालय स्तर तक के जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद किए हुए हैं। इस मामले में जानकारी के अधिकारी के लिए ग्राम पंचायत सचिव आक्रोश वर्मा को कई बार मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कॉल रिसीव न होने से बात नहीं हो सकी।

> यह निर्माण कार्य संज्ञान में नहीं है, सम्बंधित कार्य की जेई से जांच कराकर अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। विकास खण्ड क्षेत्र में विकास कार्य मानक अनुसार ही कराए जाएंगे। गैरमानक कार्य कोई भी नहीं करा पायेगा।
>
> -**दिनेश चंद्र शर्मा**, बीडीओ शाहाबाद

# भूमि, नाली व खड़ंजा जैसे विवादों में तत्काल हो कार्रवाई

## थाना समाधान दिवस : डीएम-एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, कहा- शिकायर्ता की संतुष्टि का भी हो उल्लेख

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जन समस्याएं सुनीं। सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में भूमि, नाली व खड़ंजे के विवाद में तत्काल कार्रवाई की जाये। शिकायतकर्ता की समस्या की निस्तारण आख्या के साथ शिकायतकर्ता के साथ फोटो अवश्य लगायी जाये। इसमें उसकी संतुष्टि व असंतुष्टि का उल्लेख किया जाये। दोबारा कब्जे के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई जाये। मिले जुले गाटों पर विवाद के मामले में बंटवारे का वाद दायर कराया जाये। पैमाइश के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। जिलाधिकारी ने लेखपाल व कानून गो को स्पष्ट सन्देश दिया कि सभी लोग मेहनत व निष्ठा के साथ कार्य करें। इस पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनवाई गई। बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। एसपी ने कहा कि गांवों में विवाद के मामले में पुलिस टीम तत्काल मौके पर जाकर कार्रवाई करे। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सचिन्द्र शुक्ला व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। शाहाबाद कोतवाली में आयोजित थाना दिवस की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित नौ शिकायतें आईं। इनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं पुलिस उप निरीक्षक मौजूद रहे। सांडी थाना परिसर में समाधान दिवस बिलग्राम तहसीलदार अमित कुमार यादव की अध्यक्षता में हुआ। 19 शिकायतें आई और एक भी की शिकायत का मौके पर नहीं हुआ।



कोतवाली देहात में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### शिकायत दर्ज कराने को तहसील में किसान करते रहे इंतजार, नहीं आए पूर्ति निरीक्षक

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को तहसील में टोडरपुर ब्लॉक के कोटेदार के विरुद्ध पूर्ति निरीक्षक से वार्ता कर शिकायत दर्ज करवाने आए भारतीय किसान यूनियन क्रांति के कार्यकर्ताओं को बैरंग लौटना पड़ा। उनसे वार्ता करने पूर्ति निरीक्षक सहित कोई अधिकारी नहीं आया। यूनियन के जिलाध्यक्ष ने बताया टोडरपुर ब्लाक के ग्राम चठिया नेवादा के ग्राम कुइयां के कोटेदार ने एक किसान कार्यकर्ता से अभद्रता की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिलाध्यक्ष से उस वीडियो को लेकर कोटेदार ने मानहानि मुकदमा लिखाने की धमकी दी थी। इसी मामले को लेकर पूर्ति निरीक्षक से वार्ता के लिए किसान संगठन ने ग्रुप पर कमेंट डालकर एलआईयू को सूचना दी लेकिन अधिकारी मौके पर नही उपस्थित हुए। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार की मंशा पर अधिकारी पानी फेरने का कार्य तेजी से कर रहे हैं और गरीब, महिला और किसानों के प्रति सरकार और अधिकारियों का रवैया ठीक नही है। गरीब जनता को न्याय दिलाने का कार्य भारतीय किसान यूनियन करती है।

## सड़क के किनारे बार बालाओं का हुआ डांस

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कताई मिल चौकी के पास सड़क किनारे खुलेआम बार बालाओं के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क किनारे मंच बनाकर अश्लील डांस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारी भीड़ जुटी रही। यह पूरा कार्यक्रम पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रदूषण और अश्लीलता का खुलेआम प्रदर्शन किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कार्यक्रम एक ढाबा मालिक द्वारा आयोजित किया गया था। क्षेत्र में इस तरह खुलेआम अश्लील कार्यक्रम होना न सिर्फ सामाजिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाता है, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।



बारिश से मुख्य मार्ग पर भरा पानी। अमृत विचार

### दिनभर तेज धूप शाम होते हुई बारिश

**हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को सुबह कुछ बूंदाबांदी के बाद तीखी धूप निकली, जिससे लोग परेशान रहे। दोपहर बाद बादलों का आना जाना शुरू हो गया। शाम-होते-होते बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। कई मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया। बता दें कि पिछले कई दिनों से लोग तेज धूप व गर्मी से परेशान थे। मौसम वेधशाला में 30 मिमी बारिश दर्ज की गई। वेधशाला प्रभारी के अनुसार एक-दो दिन और बारिश होने की संभावना है।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में जूनियर बालक/बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं

**हरदोई, अमृत विचार।** क्रीड़ाधिकारी मंजू शर्मा ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय जूनियर बालक/बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जूनियर बालक वर्ग अन्डर 19 फुटबाल बालक की प्रतियोगिता दो जुलाई को, जूनियर बालिका वर्ग अन्डर 19 की प्रतियोगिता पांच जुलाई को तथा जूनियर बालक, बालिका एथलेटिक्स की प्रतियोगिता का आयोजन 16 जुलाई को किया जायेगा।

# 50 छात्र संख्या से कम वाले विद्यालयों का मर्जर असंवैधानिक व अनुचित : शिव शंकर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संघ भवन के सभागार में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय मर्ज करने को असंवैधानिक बताया गया। शिक्षकों ने आंदोलन चलाने का ऐलान किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि 50 छात्र संख्या से कम वाले विद्यालयों का मर्जर असंवैधानिक व अनुचित है। इस आदेश पर सरकार को रोक लगानी चाहिए। कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों में मर्ज करने के प्रदेश सरकार के नए फरमान से जिले भर के शिक्षक आंदोलित हैं। सरकार की इस नीति के विरोध में शिक्षकों ने बैठक करके आंदोलन का आगाज कर दिया।

जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने कहा कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्जर, पुरानी पेंशन बहाली, 2004 बैच के शिक्षकों के पुरानी पेंशन का मेमोरेंडम लागू करने, प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो को सरकारी स्कूलों की तुलना में दिए जा रहे प्रोत्साहन, नामांकन में आधार की अनिवार्यता, शिक्षकों की पदोन्नति, स्थानांतरण एवं अन्य शिक्षक की समस्यायें लंबित हैं। ऐसे में विद्यालयों मर्जर का आदेश नियमों के विपरीत है। बैठक में जिला मंत्री विपिन सिंह, कोषाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ललित शुक्ला, नीता गुप्ता, नीरज अवस्थी, अनत राम पांडेय, राजकुमार मिश्रा, संतोष पटेल, प्रशुभ सिंह, क्षितिज़ मिश्रा व दिलीप गुप्ता सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय। अमृत विचार

### शिक्षकों की पदोन्नति रोकने की है बड़ी साजिश : अक्षत पांडेय

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों की पदोन्नति रोकने के लिए उनके साथ बहुत बड़ी साजिश कर रही है। सरकार की इस नई नीति से ग्रामीण क्षेत्र के तमाम बच्चे शिक्षा दूर हो जाएगे। करीब 20 हज़ार विद्यालयों का मर्जर पूर्व में करके शिक्षकों की पदोन्नति के अवसर समाप्त कर दिए गए।

## सार-संक्षेप

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई राम बारात

**हरदोई, अमृत विचार।** ए रि सखी मंगल गाओ री...के भजन के साथ प्रभु श्री रामजी का विवाह संपन्न हुआ। पंडाल में श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी उमंग और उल्लास देखने को मिल रहा था। श्री राम जानकी मंदिर से मंडी समिति के राकेश अग्रवाल सहित जिलाध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता टीटू के नेतृत्व में बारात लखनऊ चुंगी सिनेमा चौराहा होते हुए कथा परिसर आरआर इंटर कॉलेज पहुंची। बारात में प्रभु श्री रामचंद्र जी रथ पर बैठे हुए थे, उनके पीछे बैंड बाजा ढोल वाले भी चल रहे थे। कथा परिसर पहुंचने पर समाजसेवी निरमा देवी, प्रभाष कुमार सांडी विधायक एवं श्री राम मित्र मंडली ने राम बारात का भव्य स्वागत किया।




कांसेप्ट कार चेयरमैन सजीव अग्रवाल को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष।

### व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई जयंती

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में जनपद स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती रही। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि भामाशाह जी का जीवन हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने हमें सिखाया है कि स्वयं के लिए तो सभी जीते हैं समाज के लिए जीने से सम्पूर्ण समाज को लाभ होता है। इसके बाद मुख्य अतिथि ने समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान करने वाले कांसेप्ट कार चेयरमैन सजीव अग्रवाल सहित प्रमुख व्यापारियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सभी उपस्थित अधिकारियों व व्यापारियों ने भामाशाह जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को सुना।

### जातिगत अभद्र टिप्पणियों की बाढ़, 6 से अधिक पर केस

**हरदोई, अमृत विचार।** इटावा कथा वाचक के साथ से हुई घटना को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों की बाढ़ आ गई है। पिछले चार दिनों में पुलिस ने विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमे दर्ज किए हैं। जिसमें इंस्टाग्राम चलने वाली एक महिला भी शामिल है। बताते चलें इटावा कांड के बाद सोशल मीडिया पर जातिगत द्वेष भावना बढ़ाने वालों की टिप्पणियों की बाढ़ आई है। साइबर थाने में 25 जून को इंस्टाग्राम रिंकू सिंह नाम का अकाउंट चलाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। 28 जून को इंस्टाग्राम पर ही अनूप पांडे अकाउंट होल्डर के नाम पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसी प्रकार 26 जून को इंस्टाग्राम अकाउंट होल्डर विकास, संध्या उर्फ शिवानी पुत्री भैया लाल रामपुर, आशू थाना संडीला, बाबा निवासी हरैया थाना अतरौली तथा 28 जून को इंस्टाग्राम अकाउंट होल्डर रजनीश मिश्रा के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। एसपी नीरज जादौन ने जिले वासियों से सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी जातिगत टिप्पणी से दूरी रखने की अपील की है।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने पर युवक को भेजा जेल



**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** इटावा में हुए कथावाचक कांड को लेकर पाली कस्बे के एक युवक ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर आपत्तिजनक पोस्ट की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग में कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बता दें कि बीते दिनों इटावा में हुए कथावाचक कांड को लेकर पाली कस्बा निवासी विजय कश्यप ने सोशल मीडिया अकाउंट से करीब आधा दर्जन आपत्तिजनक पोस्ट की थी। जिनको लेकर कस्बा सहित क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में आक्रोश पनप आया। शुक्रवार शाम विजय कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। एसडीएम संजय कुमार अग्रहरि ने बताया कि विजय कश्यप को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### पूर्व सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर केस

**हरदोई, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री व यादव जाति के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। थाना लोनार क्षेत्र के जानियामऊ निवासी दिलीप पांडे पुत्र रामकिशुन ने सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व यादव जाति के खिलाफ टिप्पणी की थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर सौहार्द बिगड़ने वाले दिलीप पांडे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। बताते चले दिलीप पांडे ने इटावा कांड को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया के माध्यम से सपा नेता राम ज्ञान गुप्ता ने इसकी शिकायत पुलिस में की। जिस पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया।

### किशोर से कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र में किशोर के साथ कुकर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजा गया। 27 जून को किशोर के पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी कि ग्राम अंडौआ निवासी सत्यनारायणने उसके पुत्र के साथ गलत कार्य किया। थाना मझिला पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

# खुलासा : मौत से पहले महिला के साथ की गई थी मारपीट

**हरदोई, अमृत विचार।** दस्योली गांव में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत के मामले में खुलासा हुआ है कि फांसी लगाने से मौत हुई। लेकिन उसके शरीर पर चोटें होने की भी बात कही गई है। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत से पहले उसके साथ मारपीट की गई थी। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में इस तरह का खुलासा हुआ है। हालांकि पिता ने गला घोंटकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।



बताते चलें कि कोतवाली देहात के नीर निवासी शिवराज सिंह को शुक्रवार की पता चला कि उसकी बेटी ने सोहिनी सिंह ने गुरुवार की रात अपनी ससुराल दस्योली थाना हरपालपुर में फांसी लगाकर ली है। सोहिनी की शादी दस्योली निवासी चन्द्रभान सिंह उर्फ राहुल पुत्र मुकेश सिंह के साथ करीब पांच साल पहले हुई थी। सोहिनी के तीन साल की बेटी भी है। सोहिनी के पिता शिवराज सिंह ने बताया था कि सूचना मिलने पर शुक्रवार की सुबह जब बेटी की ससुराल पहुंचे तो उसका का शव ज़मीन पर पड़ा था। नाक, कान और गले से ज़ेवर और मोबाइल फोन गायब था। बताया कि गुरुवार की रात में सोहिनी ने आडियो भेजा था, जिसमें दामाद चन्द्रभान उससे मारपीट करते हुए गाली-गलौज कर रहा था। पिता का आरोप है कि सोहिनी की गला घोंट कर हत्या की गई, उसका गला स्याह और सूजा हुआ था। पिता ने दहेज में बुलेट बाइक की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें कागज़ आफ डेथ हैंगिंग (फांसी) आई है, लेकिन उसके बाएं कंधे, बाई और दाहिनी कोहनी और बाई कलाई में चोंट सामने आई, जिससे माना जा रहा है कि फांसी से पहले उसकी पिटाई हुई या फिर झगड़ा हुआ था।

**तैयारी** डीमए-एसपी ने लिया कांवड़ यात्रा व श्रावण मेले की तैयारियों का जायजा

# मेले में सुनिशिचत की जाएं सभी सुविधाएं : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी कावड़ यात्रा व श्रावण मास में लगने वाले मेलों की दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आज सुनासीर नाथ मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं को देखा और मेले की तैयारी का जायजा लिया।

अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले के दौरान पेयजल, शौचालय व साफ सफाई की उचित व्यवस्था बनाए रखी जाए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का पूर्ण सहयोग किया जाए। ट्रैफिक की उचित व्यवस्था बनाए रखी जाए। मंदिर परिसर के शौचायलयों को साफ सुथरा रखा जाए। पार्किंग की उचित व्यवस्था रखी जाए। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध रखा जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान को भी निर्देशित किया की मेले के आयोजन में पूरा सहयोग किया जाए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा की मेले के दौरान व जलाभिषेक के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिलग्राम पूनम भाष्कर व पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



सुनासीर नाथ मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम-एसपी।

# घर के सामने पोल से लटके तार से लगा करंट, युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घर के सामने गली में विद्युत पोल से लटक रहे तार से करंट लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बघौली थाने के संतरी खुर्द निवासी 38 वर्षीय हीरालाल पेशे से मज़दूर था। परिवार में पत्नी माया के अलावा दो बेटियों में 6 साल की दीपांशी और एक साल की अनिका है। शुक्रवार की शाम वह अंधेरे में गेहूं पिसा कर लौट रहा था। उसी दौरान घर के सामने लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया। जब तक कोई कुछ कर पाता, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इस तरह हादसा होने का पता चलते ही वहां काफी भीड़ लग गई। लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आने से हुई मौत के लिए बिजली महकमें को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हीरालाल के बड़े भाई मुन्ना लाल के अलावा गांव वालों का कहना है कि कई दिनों से बीच गलियारे में बिजली का तार लटक रहा था, कई बार सब स्टेशन पर शिकायत की गई, लाइनमैन को बताया गया, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।



# पुलिस से मुठभेड़ में दो शातिर घायल, तीन अन्य गिरफ्तार

## बीती 25 जून को सोहरामऊ बैंक में पैसा जमा करने गई महिला से की थी टप्पेबाजी, अन्य साथियों से पूछताछ कर रही पुलिस

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग कर रही पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया। इस पर कार सवार लोगों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। यह देख उनके तीन साथियों ने भागने का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। घायलों को पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी में भर्ती करा उनके अन्य साथियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

लोगों को झांसा देकर उनके जेवर व नकदी पार करने वाले गिरोह का सोहरामऊ पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से दबोचने में सफलता हासिल की है। बता दें कि शुक्रवार रात सोहरामऊ थानाक्षेत्र के मौहारी गांव के पास रात साढ़े 12 बजे सीओ हसनगंज संतोष सिंह की अगुवाई में सोहरामऊ पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस की टीम के साथ वाहन चेकिंग शुरू की थी। तभी एक तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवारों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जिससे पुलिस ने भी बचाव में गोली चलाई तो आजमगढ़ के थाना सरैनी के छतेपुर गांव निवासी विजय पुत्र रामराज व थाना फूलपुर के फदगुदिया निवासी लालमन पुत्र अक्षयलाल के पैर में गोल धंस गई। वहीं बिहार के बेगुसराय के थाना बरबदी के घागरा निवासी निरंजन पुत्र राजेंद्र जौनपुर के थाना सराय ख्वाजा के जंगलीपुर निवासी किशनलाल पुत्र सूरजभान व आजमगढ़ के थाना फूलपुर के फदगुदिया निवासी विमल पुत्र अच्छे लाल को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों शातिर अपराधी है। इन्होंने 25 जून को सोहरामऊ कस्बे की एसबीआई बैंक में पैसा जमा करने आई सोहरामऊ थानाक्षेत्र के देवइया मवइया गांव निवासी माया पत्नी पुत्तनलाल से 21 हजार रुपये की टप्पेबाजी करने की बात स्वीकार की है। सीओ ने बताया कि बदमाशों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। इनके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। कार सीज कर सभी को जेल भेजा जा रहा है।


मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

## मासूम भतीजी से दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाला चाचा गया जेल

फॉलोअप

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बाबा को झोपड़ी में खाना देने गई 6 साल की मासूम बच्ची को मोबाइल पर वीडियो गेम खिलाने के बहाने बहलाकर ले गए रिश्ते के चाचा ने दुष्कर्म के बाद बच्ची की मुंह दबाकर हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था। देररात पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के बाद पकड़ा था। शनिवार को मेडिकल में डॉक्टर ने उसे फिट घोषित किया। इस पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 6 वर्षीय बच्ची बीती गुरुवार शाम झोपड़ी में रहकर मवेशी ताक रहे बाबा को खाना देकर घर लौट रही थी। तभी गांव निवासी रिश्ते के चाचा रावेंद्र कुमार पुत्र रामचंद्र ने उसे रास्ते में रोक कर मोबाइल में वीडियो गेम खेलने का लालच देकर अपने साथ ले गया और उससे दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने पर कलयुगी चाचा ने उसकी मुंह व दबाकर हत्या कर दी और गांव से 500 मीटर आगे उसका शव अर्धनग्न हालत में माइनर में फेंककर वहां से भाग निकला। शुक्रवार को शव उतराता देख परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो ग्रामीणों ने बच्ची को रावेंद्र के साथ देखे जाने की बात बताई। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी तभी रात में माइनर के पास झाड़ियों में छिपे बैठे रावेंद्र ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। इस पर पुलिस की फायरिंग में उसके पैर में गोली धंस गई। घायल हालत में उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल लाया गया। रावेंद्र ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया। शनिवार को डॉक्टर ने उसे फिट घोषित किया। इसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। वहीं शनिवार को ही बच्ची के शव का तीन डाक्टरों का पैनल गठित कर वीडियो ग्राफी से पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. सीमा यादव व डॉ. विनीत कुमार शामिल रहे। दुष्कर्म की आधिकारिक पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई गई है। एसओ भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि आरोपी को मेडिकल रिपोर्ट में फिट घोषित होने पर कोर्ट लाया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बच्ची के परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

**औरास, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बच्ची के परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार न करने के संबंध में लखनऊ जाम लगा दिया गया। करीब दो ढाई घंटे तक एक्सप्रेस-वे जाम रहा। हालांकि सूचना पर क्षेत्राअधिकारी अरविंद चौरसिया ने परिजनों को समझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद भी मृतक के गांव पहुंचे और परिजनों को समझते रहे। सीओ हसनगंज संतोष सिंह व उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडे भी जाम स्थल पर पहुंची और परिजनों को समझाया। इस दौरान हसनगंज, आसीवन, बेहटा मुजावर सहित अन्य थानों की फोर्स पहुंची। परिजनों की मांग थी कि आरोपी का घर गिराया जाए और आरोपी परिवार को फांसी दी जाए। इन मांगों को उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडे व सर्किल ऑफिसर अरविंद चौरसिया के द्वारा स्वीकार किया गया है। वहीं परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार रविवार को करने की बात कही है।

## एक नजर

### बांधों से छोड़े गए पानी से गंगा का जलस्तर बढ़ा

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। बांधों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा का पानी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। 22 जून से गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी का सिलसिला शुरू हुआ। जहां उस दिन सुबह जलस्तर 107.390 मीटर था, वहीं शाम तक यह 108.180 मीटर पहुंच गया। शनिवार को यह और तेजी से बढ़ते हुए 108.510 मीटर मापा गया। कानपुर बैराज के कुछ गेट खोलने के कारण जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि फिलहाल गंगा चेतावनी बिंदु 112 मीटर से करीब चार मीटर नीचे है, लेकिन लगातार बढ़ते जलस्तर ने प्रशासन और तटीय इलाकों के लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

### सैनिक बंधु की बैठक कल

**उन्नाव :** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने कहा कि जिले के सभी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 जून को अपरान्ह 3:30 बजे कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल आयोजित की गई है। जिले के सभी सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक व उनके आश्रित अपनी भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा व अन्य प्रकार की समस्या से संबंधित प्रार्थनापत्र दो प्रतियों में बैठक के पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

### पति की पिटाई से महिला घायल, पुलिस को दी तहरीर

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर में घरेलू विवाद के चलते एक महिला को उसके पति ने पीटकर घायल कर दिया। घायल महिला ने कोतवाली पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कंचन नगर निवासी रक्षा पत्नी राजेश कुमार ने शनिवार को गंगाघाट कोतवाली पहुंचकर बताया कि सुबह किसी बात को लेकर पति से कहासुनी हो गई। इस दौरान पति ने गाली-गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति अक्सर मायके से सामान लाने के लिए दबाव बनाता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला को मेडिकल के लिए भेजा और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अखिलेश यादव के तंज के बाद हरकत में आई गंगाघाट पुलिस

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

कार्रवाई

- भाजपा नेता की पत्नी की चेन चोरी की दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर निवासी भाजपा नेता की पत्नी की चेन चोरी की घटना को लेकर पुलिस पहले तो चुप रही, लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लगातार तंज किए जाने के बाद शनिवार को पुलिस हरकत में आ गई और अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

घटना गुरुवार शाम करीब 5 बजे की है, जब आनंद नगर निवासी विनीता अवस्थी जगन्नाथ रथ यात्रा में पूजा करने गई थीं। नेहरू नगर स्थित रूचि शिखा ज्वैलर्स के पास जब वे प्रसाद लेकर वापस लौट रही थीं, तभी किसी अज्ञात चोर ने उनके गले से लगभग दो तोले की सोने की चेन चोरी कर ली। भीड़ का फायदा उठाकर हुई इस घटना का महिला को तुरंत पता नहीं चला। घर लौटते समय उन्हें चेन चोरी का एहसास हुआ, जिसके बाद उनके पति जीतेंद्र अवस्थी ने शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी। हालांकि पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन शनिवार सुबह समाजवादी पार्टी की ओर से एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा गया, 'लो भइया! भाजपा नेता की पत्नी की चेन रथयात्रा में छिन गई। ये है योगी आदित्यनाथ जी की कानून व्यवस्था, जहां सरेआम लूट हो रहा है।' इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी व्यंग्यात्मक लहजे में लिखा, दूरबीन के साथ छानबीन की जरूरत है। राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद गंगाघाट पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में भाजपा नेता की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोर की तलाश कर रही है।

# ग्राम चौपाल में पहुंचे सांसद साक्षी महाराज

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सन्नी में शनिवार को भव्य ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उन्नाव सांसद डॉ. साक्षी महाराज ने भाग लिया। उनके साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सीडीओ कृतिराज, बीडीओ शशांक चौधरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सांसद द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इसके पश्चात सांसद और विधायक द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। चौपाल में कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया और लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। साथ ही सांसद ने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया। इस अवसर पर साक्षी महाराज ने कहा कि पहले जनता को अपनी समस्याएं लेकर सरकार के पास जाना पड़ता था, लेकिन अब भाजपा सरकार खुद जनता के द्वार पर जाकर समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी के साथ अन्याय नहीं होता। कार्यक्रम स्थल पर कृषि, शिक्षा, पशुपालन, और वन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि 2014 के बाद से केंद्र सरकार लगातार आम जनता के लिए योजनाएं चला रही है, जिनका सीधा लाभ मिल रहा है। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि पहले गांवों की अनदेखी होती थी, लेकिन अब गांव-गांव तक सड़क, एंबुलेंस और सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने सहजनी से रौतापुर हाजीपुर मार्ग की पुरानी स्थिति का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री सड़क योजना की सराहना की। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विनोद वर्मा, खंड विकास अधिकारी शशांक चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


महिला को चेक और पौधे देते सांसद साक्षी महाराज, सीडीओ कृति राज व अन्य।

- सांसद और विधायक ने कई योजनाओं का किया लोकार्पण

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने 5 मामलों का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उप्र राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण व जिला कारागार का भ्रमण किया। इसके साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई कर समीक्षा बैठक की।

अध्यक्ष ने वन स्टाप सेंटर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 10 लाभार्थियों व स्पान्सरशिप योजना के चार लाभार्थियों को योजनान्तर्गत उपलब्ध करायी और धनराशि का चेक वितरण किया। साथ ही जिला महिला चिकित्सालय में 14 नवजात बालिकाओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया और उन्हें बेबी केयर किट व मिष्ठान आदि का वितरण कर प्रोत्साहित किया। गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक कर महिला जनसुनवाई की। जिसमें 20 महिलाओं, बालिकाओं द्वारा प्रार्थनापत्र व मौखिक रूप से अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें पांच प्रकरणों ने त्वरित निस्तारण कराया गया। वहीं, बचे 15 प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। यहां सीएमओ, एएसपी, नायब तहसीलदार सदर, प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


कन्या सुमंगला योजना की चेक देतीं महिला आयोग की अध्यक्ष। अमृत विचार

# नगर पंचायत कर्मियों ने सभासद पति व पुत्र पर लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने वार्ड नंबर-5 की महिला सभासद के पति व पुत्र पर गालीगलौज करने व पैसे मांगने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने अजगैन कोतवाली में इस संबंध में लिखित शिकायत दी।

नगर पंचायत कर्मचारी तुफैल अहमद, संजीव मिश्रा व शिवा दीक्षित ने कोतवाली में दिए प्रार्थनापत्र में बताया गया कि सभासद पति थानेदार व पुत्र सचिन अक्सर कार्यालय आकर पैसे मांगते हैं और अभद्रता करते हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि शुक्रवार शाम भी उन्होंने पैसे मांगे। जब कर्मचारियों ने असमर्थता जताई तो उनके साथ गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि उन्हें सरकारी कार्य करने से रोका गया। सभासद पति थानेदार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पैसे मांगने और गाली-गलौज करने का आरोप गलत है। बताया कि वे वार्ड में सफाई न होने की शिकायत करने गए थे और इसी को लेकर कहासुनी हुई थी। इस मामले पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने कहा कि कुछ कहासुनी हुई है और दोनों पक्षों को समझाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मामला सुलझ जाएगा और इसे कुछ गलतफहमी बताया। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि उन्हें प्रार्थनापत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

सख्ती

## दिल्ली से आए ईडी ने गंगाघाट रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, सभी सिग्नल प्वाइंट का बारीकी से किया अवलोकन

# एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर ने कर्मचारियों को शॉर्टकट न अपनाने की दी सलाह

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर बार-बार हो रही सिग्नल फेल की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड दिल्ली से एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर (सिग्नल) रामेश्वर मीणा शनिवार को स्टेशन पहुंचे। उन्होंने न केवल सिग्नल पैनलों की तकनीकी स्थिति की गहन जांच की, बल्कि पैदल ही कानपुर रेलवे पुल का निरीक्षण भी किया।

शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे रामेश्वर मीणा सड़क मार्ग से कानपुर सेंट्रल होते हुए गंगाघाट स्टेशन पहुंचे। यहां पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले स्टेशन पर लगे सिग्नल पैनलों की स्थिति का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने एसएनटी विभाग के कर्मचारियों से हाल के दिनों में हुए सिग्नल फेल के कारणों की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने स्टेशन के साथ-साथ पुल और विभिन्न सिग्नल प्वाइंटों की भी पैदल जाकर जांच की। उन्होंने देखा कि किन स्थानों पर तकनीकी खामी की संभावना अधिक है और उन स्थानों की फोटोज और रिपोर्ट तैयार करवाई। निरीक्षण के पश्चात वापस स्टेशन लौटकर उन्होंने एसएनटी कर्मियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में यदि सिग्नल फेल की स्थिति आती है, तो उसे वैसा ही रहने दें, किसी भी सूरत में शॉर्टकट का प्रयोग न किया जाए। शॉर्टकट अपनाने से कोई बड़ी तकनीकी खराबी या हादसा हो सकता है, इसलिए सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के बाद दोपहर करीब 3 बजे वह वापस कानपुर रवाना हो गए।


रेलवे पुल का निरीक्षण करते दिल्ली से एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर (सिग्नल) रामेश्वर मीणा व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## अमृत भारत योजना के तहत हो रहे स्टेशन का निर्माण धीमा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य एक साल बीतने के बावजूद सुस्त गति से जारी है। फरवरी 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया गया था, जिसके बाद मार्च में निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। कार्य के पहले चरण में स्टेशन परिसर की बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य तय किया गया। ठेकेदार तेज सिंह चौहान ने बताया कि जेसीबी से खोदाई कर सरिया जाल बांधने का कार्य शुरू किया गया था। इस दौरान बाउंड्री की जद में आ रहे अतिक्रमणों को दो चरणों में हटाया गया। हालांकि निर्माण कार्य धन की कमी के कारण बीच में दो माह तक ठप रहा। अब सरकार से धन आवंटन के बाद कार्य फिर से शुरू हुआ है। मगर अभी भी दीवार निर्माण का कार्य पूरी तरह से नहीं हो सका है, जिससे प्रगति निराशाजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून की दस्तक के चलते निर्माण कार्य एक बार फिर प्रभावित हो सकता है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बारिश का पानी भर जाने पर कार्य ठप पड़ने की आशंका है। निर्माण कार्य की धीमी गति और समयबद्धता की कमी से यह स्पष्ट है कि निर्धारित समय में कार्य पूरा होना कठिन है।


गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर कार्य करते मजदूर।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं के लिए शुरू हुई प्रबुद्ध लाइब्रेरी


फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन करते सदर विधायक व अन्य। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पूरन नगर में प्रबुद्ध लाइब्रेरी का उदघाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने किया। इसमें उप निदेशक कृषि उन्नाव रविप्रकाश के अलावा जिले के सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारी व प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे। लाइब्रेरी उदघाटन में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया व मदन गोपाल का विशेष योगदान रहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ कृष्ण शंकर मिश्रा, यूपी एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन के संस्थापक राजेश यादव, सोसाइटी अध्यक्ष रामबाबू, सुरेन्द्र प्रकाश, वीरेंद्र बहादुर, दिलीप अवस्थी, पवन पांडेय, अमित शर्मा, नमो श्रीवास्तव, कन्हैयालाल, विश्व नाथ तिवारी, विवेक द्विवेदी, अरविन्द सिंह, सुजीत गुप्ता, अनुराग तिवारी, उदय, आशीष, प्रमोद गौतम, ऊषा सिंह, अनुज, हरिकिशोर गौतम आदि रहे। लाइब्रेरी संचालक हर्षित ने सबका आभार जताया।

### स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वालों का लगा रहा मेला


बीएसए कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने वालों की लगी भीड़। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में सरप्लस होने वाले विद्यालयों के शिक्षकों का अन्य विद्यालयों में समायोजन होने के लिए एक दिन का अवसर मिलने से बीएसए कार्यालय में शिक्षकों की खासी भीड़ रही। ऑनलाइन आवेदन के बाद फाइल जमा करने के लिए शिक्षकों को पसीना छूटा। कौन-कौन से अभिलेख जमा करने हैं इसकी भी सही जानकारी कोई कर्मचारी नहीं दे पा रहा था। उनका कहना था कि वह जो आवेदन दे देंगे वह शाम 5 बजे तक जमा कर लेंगे। सूत्र बताते हैं कि जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हेड मास्टर के 126 पद खाली हैं। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों के 71 पद सरप्लस हैं। प्राइमरी के हेड मास्टर के 1130 पद सरप्लस हैं। वहीं हेड मास्टर के 5 पद खाली हैं। ज्ञात हो कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षिकाओं के शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्वेच्छा से अन्त: जनपदीय स्थानांतरण व समायोजन के संबंध में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 29 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। बीएसए संगीता सिंह द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा 26 जून को जारी निर्देश के क्रम में 27 जून को अन्त:जनपदीय स्थानांतरण व समायोजन प्रकिया के तहत पोर्टल पर आवेदन करने वाले शिक्षकों व शिक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर किये गये आवेदन की प्रति व सभी शैक्षिक व सेवा अभिलेखों सहित पत्रावली कार्यालय में 28 जून की शाम 5 बजे तक हर हाल में जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक पत्रावली जमा न करने वाले शिक्षकों व शिक्षिकाओं के आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

### सांकेतिक बंदी रख व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं ने लगातार हो रही छापेमारी के विरोध में शनिवार को अपनी दुकाने बंद कर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। व्यापारियों कहना था कि वह छापेमारी और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई से डरे हुए हैं। बता दें कि यूरिया व अन्य उर्वरक कंपनियां एफओआर सुविधा नहीं दे रही हैं। जबरन टैगिंग से व्यापारियों का खर्च बढ़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कीटनाशक की गुणवत्ता के लिए उन्हें दोषी ठहराना गलत है। लाइसेंस व गोदाम की मंजूरी लखनऊ से होती है। अगर पैकिंग में छेड़छाड़ नहीं हुई है तो इसकी जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए और उन्हीं पर कार्रवाई की जाए। अपनी मांगों को लेकर एग्रो इनपुट डीलर्स एशोसीएसन के बैनर तले जिलाध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में अपनी दुकान बंद कर कलक्ट्रेट पहुंचे व्यापारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया और प्रदर्शन किया। व्यापारियों के मुताबिक बीज व्यापार में कई समस्याएं हैं। बीज अधिनियम 1966 व बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत पूरे प्रदेश में एक लाइसेंस होना चाहिए। लेकिन हर जिले में अलग लाइसेंस मांगा जा रहा है। सब्जी बीजों की विविधता के कारण स्टॉक बोर्ड पर विवरण देना मुश्किल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इससे आने वाले खरीफ सीजन में किसानों को खाद, बीज व कीटनाशकों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। बाद में प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। इसमें महामंत्री विक्रम जीत, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार आदि व्यापारी शामिल रहे।

### बिजली विभाग ने 25 बकायेदारों की लाइन काटी

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** जून माह के अंतिम सप्ताह में बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को एसडीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में अभियान चलाकर कुल 25 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए और करीब 8.5 लाख की बकाया राशि वसूल की गई। अभियान में टीजी-2 वीरेंद्र प्रताप व लाइन स्टाफ भी शामिल रहे। टीम ने शुक्लागंज राजमार्ग, पोनी रोड व गंगानगर क्षेत्र में दस हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। उपखंड अधिकारी ने बताया कि शुक्लागंज और गंगाघाट सबस्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाया जाएगा, जिससे बकायेदारों से बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित हो सके।

### छापेमारी में प्रधान समेत पांच को विद्युत चोरी करते पकड़ा


विद्युत प्रवर्तन दल द्वारा की जाती छापेमारी। अमृत विचार

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत प्रवर्तन दल द्वारा फोर्स के साथ शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव सुरसेनी व आसत मोहीउद्दीनपुर में छापा मारा। जहां ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों के घरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई। उपकेंद्र के एक्सईएन द्वारा गृहस्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के एक्सईएन राजनाथ यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने विभागीय कर्मियों व फोर्स के साथ शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव सुरसेनी व आसत मोहीउद्दीनपुर में औचक छापेमारी की। जहां ग्राम प्रधान शहनूर अहमद के अलावा हसरुद्दीन पुत्र नसीर, शाहीन पत्नी जलीक अहमद, शमशुद्दीन खां पुत्र नज़ीर व मो. रियाज खां पुत्र मो. शकीर के घरों में सीधे कटिया डालकर या बाईपास से विद्युत चोरी पाई गई। एक्सईएन ने इन सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की है। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से विद्युत मित्र पोर्टल पर विद्युत चोरी की सूचना देने की अपील भी की है। इस दौरान उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र धीमन व अवर अभियंता संतोष श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# अलग-अलग गांवों में फंदे से लटके मिले दो लोगों के शव

## फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र में हुईं घटनाओं से ग्रामीणों में फैली सनसनी, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार:** अविवाहित अधेड़ का शव पेड़ पर फंदे से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव चौगांव निवासी शिवनारायण उर्फ बदलू निषाद (53) पुत्र स्व. मोहनलाल ने शादी नहीं की थी। वह परिवार से अलग रहकर मजदूरी करता था और उसी से अपनी जीविका चलाता था। शनिवार सुबह घर से एक किमी आगे गांव के बाहर बबूल के पेड़ में उसका शव फंदे से लटका देख खेत जा रहे ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी सूचना पर पहुंचे बड़े भाई मन्ना निषाद ने पुलिस को सूचना दी। मन्ना के मुताबिक शिवनारायण तीन साल से मानसिक बीमारी से ग्रस्त था। उन्होंने बताया कि उसने इसी के चलते आत्महत्या की है। हालांकि शिवनारायण की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक परिजनों का कोई आरोप नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**युवक ने पेड़ पर फांसी लगा दी जान, फतेहपुर चौरासी, उन्नाव :** थानाक्षेत्र के गांव हयासपुर निवासी डम्मर के 35 वर्षीय पुत्र गुलबीर ने शनिवार को गांव से 800 मीटर दूर स्थित अपने खेत में लगे नीम के पेड़ पर मफलर व गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि उसका 13 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसकी अपनी पत्नी नीलम से पटती नहीं थी। इसी वर्ष अप्रैल माह में दोनों का संबंध विच्छेद हो गया था। उसके एक 9 वर्ष की बेटी खुशी भी है। जो पति-पत्नी के संबंध विच्छेद के बाद अपनी मां नीलम के साथ चली गई। गुलबीर राजमिस्त्री का काम करता था और शराब का लती था। पिता डम्मर पुत्र कोमराज की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।



गुलबीर की फाइल फोटो।

### संदिग्ध परिस्थिति में कीटनाशक निगलकर अधेड़ ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** असोहा थानाक्षेत्र गोकुल खेड़ा गांव निवासी संतोष (55) पुत्र स्व. लाला खेती कर परिवार की जीविका चलाता था। छोटे बेटे मनीष ने बताया कि शुक्रवार रात 8 बजे पिता घर से बिना बताए कहीं निकल गए और वापस नहीं लौटे। इस पर परिजन उनकी तलाश में निकले। तभी गांव के बाहर जंगल में वह संदिग्ध परिस्थिति में पड़े मिले। परिजन उन्हें पास के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। कीटनाशक निगलने से मौत होने की आशंका पर शव मोर्चरी भेजा गया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया जिसमें कीटनाशक निगलने से मौत होने की बात सामने आई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। पति की मौत से सुंदरा बेटे आशीष, मनीष, बेटी पुष्पा रो-रोकर बेहाल हैं। वहीं बेटे मनीष ने पिता की मौत पर संदेह जता मौखिक रूप से उनकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि, उसने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। परिजनों के आरोप को देखते हुए शनिवार सुबह एसओ निखिलेश कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने जमीनी विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगा शव उठाने से मना कर दिया। इस पर सीओ अजय कुमार सिंह ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई। जहां शराब व कीटनाशक की खाली शीशी, नमकीन का पैकट व अन्य समान पड़ा मिला। जिसे सील कर जांच के लिए भेजा गया। एसओ ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### खड़े ट्रक में पीछे से टकराया टैंकर, चालक गंभीर

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार :** कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर काजीपुर बंगर गांव के पास बालू लदे खड़े ट्रक में एक टैंकर की पीछे से टक्कर हो गई। टक्कर में चालक प्रदीप पुत्र राजेंद्र निवासी सीतापुर के गांव भटपुरवा घायल हो गया। उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर उपचार किया गया। घायल चालक प्रदीप ने बताया कि वह कानपुर से शाहजहांपुर टैंकर से सीमेंट लेने जा रहा था। अभी वह काजीपुर बंगर गांव के पास पहुंचा ही था कि सड़क पर बालू लदा एक ट्रक खड़ा था। जिसमें कोई भी इंडीकेटर नहीं जल रहा था और न ही रेडियम लगा था। इससे पता किया जा सके कि कोई वाहन खड़ा है। जब तक वह संभलता तब तक टैंकर ट्रक में जा घुसा जिससे यह हादसा हो गया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक गंभीर, हुआ रेफर

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरसेनी निवासी गुलाम कादिर का 35 वर्षीय बेटा मुदस्सिर अपने खेत में खड़ी उड़द की फसल की निराई कर रहा था। तभी शनिवार सुबह जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। शोर सुनपर पहुंचे परिजनों ने उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बच्ची से दुकानदार ने की अश्लीलता

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर किराना दुकान के सामान लेने गई 8 वर्षीय बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अंदर बुलाकर दुकानदार ने उससे अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ की। बच्ची के शोर मचाने पर वह दुकान बंद कर भाग निकला। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उसकी 8 वर्षीय बेटी गांव के नौशाद पुत्र मासूक अली की किराना दुकान पर समान लेने गई थी। आरोप है कि नौशाद ने उसे बहाने से दुकान के अंदर बुलाया और उससे अश्लीलता व छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी ने उसे जातिसूचक गाली देते हुए किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर लौटकर बच्ची ने आपबीती मां को बताई। इस पर मां ने शाम को घर लौटे पति को पूरी जानकारी दी। इसके बाद मां की तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के पुलिस की तीन टीमें लगाई गई है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### नवोदय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**उन्नाव, अमृत विचार :** नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी के प्राचार्य ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा-6 में प्रवेश हेतु परीक्षा 13 दिसंबर को निर्धारित है। इसे देखते हुए जिलेके प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 के अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होने व पंजियन के लिये ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित है। ऐसे छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने के लिये अधिक से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता कराने में खंड शिक्षाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बीएसए से कहा कि अधीनस्थ समस्त खंड शिक्षाधिकारियों को एक पत्र निर्गत करें कि वे हर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों से समन्वय स्थापित कर कक्षा-5 में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को आवेदन कराने हेतु प्रेरित करें।

## अचानक स्टार्ट हुआ ई-रिक्शा चपेट में आने से बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा हैदराबाद के मोहल्ला आर्यनगर निवासी विष्णु राठौर परिवार सहित लखनऊ के राजाजीपुरम मोहल्ला के ई-ब्लॉक में रहकर ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालता है। गुरुवार को विष्णु ने नया ई-रिक्शा खरीदा था। जिसे लेकर वह शुक्रवार को कस्बा स्थित घर आया था। शनिवार सुबह घर के पास स्थित कालिका माता जी मंदिर में ई-रिक्शा ले जाकर पूजा अर्चना की फिर लखनऊ जाने की तैयारी करने लगा और घर में ही ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगा दिया। तभी अचानक ई-रिक्शा स्टार्ट होकर गेट तोड़कर बाहर निकल आया। इसकी चपेट में आकर घर के बाहर खेल रही विष्णु की दो वर्षीय बेटी रियांशी की मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया।

## ट्रक ने बस में मारी टक्कर, छह यात्री व ट्रक चालक घायल

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ट्रक ने निजी स्लीपर बस के पीछे से टक्कर मार दी। इसमें ट्रक चालक और आधा दर्जन बस यात्री गंभीर घायल हो गए। सीएचसी से सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बता दें कि एक निजी स्लीपर बस करीब करीब चार दर्जन यात्रियों को लेकर लखनऊ से जयपुर जा रही थी। तभी शनिवार देररात बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित संडीला अंडर पास के पास तेज रफ़्तार ट्रक ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें बस यात्री अनुज कुमार (34) पुत्र कृष्ण कुमार निवासी शुक्ला बाजार अमेठी, अनुज की पत्नी पूजा (30) व उनका बेटा संस्कार (8), अमन चौरसिया (22) पुत्र रामकुमार निवासी मदनखेड़ा निगोहा अमेठी, राहुल (18) पुत्र सुशील निवासी नारायण पुर महराजगंज रायबरेली व उसका भाई सूरज (20) गंभीर घायल हो गए। जबकि टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक प्रेम मल्ला (40) पुत्र शिंजू प्रसाद निवासी आंध्र प्रदेश भी गंभीर घायल हो गया। ट्रक चालक सहित सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ट्रक चालक प्रेम मल्ला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

▸▸ **आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, सभी रेफर**



हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ ट्रक।

## यातायात उपनिरीक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनने के लिए पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक को चौराहा पर यातायात उप निरीक्षक मौजूद नहीं मिले। एएसपी के आदेश पर उप निरीक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। शनिवार की दोपहर एएसपी नृपेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर के साथ समाधान दिवस में शामिल होने जा रहे थे। कस्बे के मुख्य चौराहे पर उनके काफिले जाम लगा मिला। सूत्रों की मानें तो अपर पुलिस अधीक्षक ने यातायात उपनिरीक्षक निरीक्षक राजेश मिश्रा को कोतवाली पहुंच कर फोन कर बुलाया। इसके बावजूद उप निरीक्षक उनके सामने पेश नहीं हुए। इससे नाराज होकर एएसपी ने उप निरीक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि ट्रैफिक पुलिस की गैर हाजिरी में अक्सर जाम की स्थिति देखने को मिलती है।

## हादसे में युवक की मौत, भाई घायल

संवाददाता, हरदोई, सांडी

**अमृत विचार।** युवक अपने मौसेरे भाई के साथ बाइक से छोटी बहन की ससुराल जा रहा था। इसी बीच साण्डी-हरपालपुर रोड पर बरण्डारी मोड़ पर टैम्पो की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई, जबकि उसके मौसेरे भाई को कुछ मामूली चोंटे पहुंचना बताया गया है।

बताया गया है कि साण्डी थाने के बखरिया निवासी 20 वर्षीय बब्लू पुत्र विजयपाल तीन भाइयों में छोटा था, उसकी दो बहनें है। छोटी बहन ममता कन्नौज के सढ़ियापुर में ब्याही है। शुक्रवार की शाम को बब्लू अपने मौसेरे भाई 22 वर्षीय बलि निवासी दुलारपुर थाना लोनार के साथ उसकी बाइक से सढ़ियापुर जा रहा था, उसी बीच साण्डी-हरपालपुर रोड पर बरण्डारी मोड़ पर तेज़ रफ्तार टैम्पो की टक्कर से बब्लू के सिर में गहरी चोंट पहुंची, जबकि बलि के कुछ मामूली चोंटे आईं, बब्लू को आनन-फ़ानन में एम्बुलेंस-108 से सीएचसी साण्डी पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। साण्डी पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बब्लू की शादी नहीं हुई थी, वह दिहाड़ी मज़दूरी के अलावा काम करने बाहर जाता था।



रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

### लखनऊ में दुर्घटना में घायल मजदूर की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ में दिहाड़ी मजदूरी करने वाला अधेड़ वहीं ऑटो से जाते समय नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसे भर्ती नहीं किया गया। उसके बाद उसे बालामऊ क एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, वहां हालत बिगड़ने पर दोबारा लखनऊ ले जाया गया। वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के मदारा गांव निवासी रामलोटन (57) लखनऊ में दिहाड़ी मजदूर था। बुधवार की सुबह रामलोटन हादसे का शिकार हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। घर वाले उसका शव गांव उठा लाए। कोतवाली देहात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। तीन भाइयों में रामलोटन छोटा था, उसके परिवार में पत्नी राम कुमारी, तीन बेटे और दो बेटियां है।



## चोरी की 10 बाइकों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई पुलिस ने लखनऊ जैसे बड़े शहरों में हाथ मारने वाले ऑटो लिफ्टर गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है, उसके पास से चोरी की 10 बाइकें बरामद की है। पुलिस गैंग के सदस्यों की तलाश कर रही है। पिछले दिनों सण्डीला पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ने बाइक चोरी में शामिल सण्डीला कोतवाली के ही तकिया निवासी गुड्डू को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की 10 बाइकें बरामद की हैं। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ सण्डीला कस्बे के अलावा लखनऊ में बाइक चोरी करता है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने कुछ साथियों के नाम भी बताएं है। पुलिस का दावा है कि उसके साथियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दहेलिया से लखनऊ और हुल्लापुर से सीधे बदायूं पहुंचना हुआ आसान

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ, कानपुर, बदायूं, शाहजहांपुर या फिर कन्नौज का सफर तय करने के लिए अब दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, राज्य सड़क परिवहन निगम ने गांवों के रास्ता को सीधे बड़े शहरों से जोड़ते हुए 36 नई बसें शुरु की है। प्रभारी आरएम इ.रमेश कुमार ने बताया कि हरदोई डिपो के बेड़े में शामिल हुईं नई बसें शनिवार से अपने तय रास्तों पर दौड़ने लगी है।

प्रभारी आरएम इ. रमेश कुमार ने बताया कि फिलहाल 17 रूट तय किए गए है, जिनमें पिहानी से लखनऊ, हुल्लापुर से बदायूं, हरपालपुर से कन्नौज, कानपुर और उन्नाव तक का सफर काफी आसान हुआ है। उसके अलावा पिहानी से मोहम्मदी (लखीमपुर) और शाहाबाद से आलमनगर, गोला, अनंगपुर व जलालाबाद (शाहजहांपुर), हरपालपुर से पलिया, दहेलिया, शाहाबाद से अनंगपुर व कांठ, पिहानी से मैगल गंज, लखीमपुर, बरगावां से सीतापुर, पालपुर, अहिरोरी, सण्डीला से कन्नौज तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। उसके अलावा सण्डीला, कुरसठ से लखनऊ और प्रतापनगर से भरावन होते हुए लखनऊ पहुंचा जा सकता है।

### भारत विकास परिषद के संस्थापक की जयंती मनाई

**हरदोई, अमृत विचार।** भारत विकास परिषद शाखा के द्वारा नगर पालिका परिषद हरदोई के सभागार में डा.सूरज प्रकाश की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि डा.अजय अस्थाना ने चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि डा. सूरज प्रकाश के समर्पण को प्रणाम है, जिन्होंने अपना जीवन सेवा में लगाकर जो एक पौधा भारत विकास परिषद के नाम का लगाया था। आज 62 वर्षों में एक वट वृक्ष बन गया है। उनके जीवन से संबंधित फिल्म दिखाई गई।

## युवक ने जहर खाया इलाज के दौरान मौत

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के उसरहा गांव में मजदूर युवक ने 15 दिन पहले खाया जहर पेट दर्द होने से अचानक मौत हुई। उसरहा निवासी विनय (22) पुत्र दीन दयाल मजदूर था। 15 दिन पहले उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसका इलाज नेवादा के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को अचानक पेट में दर्द हुआ और मौत हो गई। विनय जब दो वर्ष का था तो उसकी माता सोनपती का निधन हो गया था। विनय अपने बाबा, दादी के पास अपनी बहन राजकुमारी के साथ रहता था। विनय के मामा गणेश ने पुलिस क़ो फोन कर सूचित किया। थाना प्रभारी मार्कण्डेय सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कहा कि तहरीर के आधार पर जांच करते हुए कार्रवाई की जायेगी।



**कारोबार-कृषि**

# किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

## कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- **पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम**

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

## बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

# देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : अमित शाह

गोधरा, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।



- गृहमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को संबोधित किया, परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

## कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी

विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है।

कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

## जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

## 25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है।

एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

## एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

बर्मिंघम, एजेंसी



| | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली पारी | 20 | 128 | 3 |
| दूसरी पारी | 15 | 92 | 2 |

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं। हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

### अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

### अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन

**सिडनी, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

### रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता लाऊं

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को यह पद छोड़ना पड़ा। नायर ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में अहम भूमिका निभाएगा।



नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करती भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 211 रनों का लक्ष्य

नॉटिंघम, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना (112) और हरलीन देओल (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 77 रन जोड़े। नौवें ओवर में एमिली आरलट ने शेफाली वर्मा (20) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 94रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल ने हरलीन देओल को आउटकर इंग्लैंड के लिए दूसरा विकेट लिया। हरलीन देओल ने 23 गेंदों में सात चौकों की मदद से (43) रन बनाये। ऋचा घोष (तीन) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (शून्य) लॉरेन बेल का शिकार बनीं। 20वें ओवर में भारत का पांचवां विकेट स्मृति मंधाना के रूप में गिरा। मंधाना ने 62 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्कों की मदद से (112) रनों की पारी खेली। भारतीय महिला टीम ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

**भारत**

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट | 20 |
| स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन | 112 |
| हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल | 43 |
| रिचा घोष का डंकले बो बेल | 12 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल | 00 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 03 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

### एक नजर



म्यांमार के यांगून में शनिवार को म्यांमार कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका) :** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

### दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में पहुंची

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

**चियांग माइ (थाईलैंड) :** एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

- जोश हेजलवुड ने पांच विकेट विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ी

**ब्रिजटाउन, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63)और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढत मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाए थे। तीन टेस्ट की श्रृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जाएगा।

### इंडिया ओपन एथलेटिक मीट



बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया जयसूर्या ने लिए पांच विकेट

**कोलंबो :** बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट की मदद से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को एक पारी और 78 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिये भेजने के लिए 97 रन और बनाने थे। लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिये जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर आउट हो गई जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाये थे। श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्धशतक शामिल हैं। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा कि वह टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा देंगे ताकि विभिन्न प्रारूपों में कप्तानी में निरंतरता रहे।

# भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता



- मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी

**कोलंबो, एजेंसी :** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

# भारतीय महिला टीम का खराब प्रदर्शन जारी

बर्लिन, एजेंसी

**एफआईएच प्रो लीग**

- चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को लगातार सातवीं हार मिली

भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वे पुश को रोक नहीं पाए।

# सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

नॉटिंघम, एजेंसी



- भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य
- पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा। इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखाता है। मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर

लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी



भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।

## स्कॉर्लेट सेल्स उत्सव



द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम-13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

# तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।



### हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

### सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मैसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

### क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

### साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

## एक नजर

### रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**मॉस्को।** रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक-18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

### लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

**मुंबई।** मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

# ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

## अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।



इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे**

**दुबई।** इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

# गाजा में इजराइली हमलों से 60 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

### गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

# कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

# कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

कोलकाता, एजेंसी

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

इटली, एजेंसी

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।



- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

# केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

**मुंबई।** चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बिना कोई विशेष विवरण दिए बताया कि विमान सुरक्षित तरीके से मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि मुंबई में हवाई अड्डे पर उसके कर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

**भव्य** अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

# जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

वेनिस, एजेंसी

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।



सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

### आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।